TNF TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper ▪ Trial Edition

आगरा में स्वाइन फ्लू का खतरा, अलर्ट जारी... (पेज-3)

▪ पृष्ठ- 8 ▪ वर्ष-01 अंक-डमी ▪ मूल्य ₹7 ▪ बुधवार ▪ दिनांक- 02 .09 .2026

राहुल गांधी का ईसी पर हमला

## 'यह चुनाव आयोग नहीं वोट चोरी आयोग'

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एसआईआर प्रक्रिया के बाद महाराष्ट्र की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 2,06,88,487 मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हो पाए हैं। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने इखढ और चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बड़ी संख्या में मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, घर बदल चुके थे, उनकी मृत्यु हो चुकी थी या उनके नाम डुप्लीकेट थे।

वहीं, जिन पात्र मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें 30 सितंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। अंतिम मतदाता सूची 4 नवंबर को जारी होगी।

राहुल गांधी ने कहा कि 'वोट चोरी' के जरिए बनी सरकार के लिए जनता महत्वपूर्ण नहीं है। यही वजह है कि बीजेपी न तो लोगों की बात सुनती है और न ही उनके आदेश का पालन करती है।

### 'मकसद सिर्फ बीजेपी की जीत'

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भाजपा और 'वोट चोरी आयोग' अपनी चालें बदलते रहते हैं और आगे भी ऐसा ही करेंगे – मकसद बस एक ही है: किसी भी कीमत पर भाजपा की जीत और भारत के लोकतंत्र का खात्मा।'
एसआईआर के बाद 2.06 करोड़ से ज्यादा नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (रक्रफ) के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2.06 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हैं। यह संख्या महाराष्ट्र के पिछले वोटर बेस का 21.14 प्रतिशत है।

# यादों के झरोखे संग जन्माष्टमी की तैयारी

## शौरीपुर-बटेश्वर से कृष्ण का गहरा नाता, बना है चचेरे भाई का मंदिर





**टीएनएफ टुडे, बाह।**

शौरीपुर-बटेश्वर से कृष्ण का गहरा नाता रहा है। बटेश्वर के खंडहरों में उनसे जुडे. स्मृति चिह्न आज भी मौजूद हैं। इतिहासकार डॉ. शिवशंकर कटारे ने बताया कि भगवान कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न और पौत्र अनुरुद्ध के नाम पर क्रमशः पदमनखेड़ा और औंध खेड़ा नाम के दो मोहल्ले थे। जिन्हें आज भी पूरनखेड़ा के नाम से लोग पुकारते हैं। कंस वध का बदला लेने के लिए उसके ससुर जरासंध ने शिशुपाल के साथ मथुरा में हमला किया तो कृष्ण और बलदाऊ शौरीपुर-बटेश्वर आकर ठहरे थे। जैन सिद्ध क्षेत्र तीर्थ शौरीपुर-बटेश्वर के उपमंत्री विनोद जैन ने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान नेमिनाथ के चचेरे भाई थे।

भगवान नेमिनाथ का शौरीपुर में भव्य मंदिर बना है। जिसके शिलापट पर दोनों का इतिहास अंकित हैं। इतिहास के पन्नों पर जमी धूल की परत पर विकास की चमक दिखने लगी है। प्रदेश सरकार बटेश्वर के साथ शौरीपुर का विकास करा रही है। दिगंबर समाज का भगवान नेमिनाथ का पहले से भव्य मंदिर बना है। श्वेतांबर जैन समाज ने भगवान नेमिनाथ का भव्य मंदिर बनवाया है।

▪ महाभारत कालीन इतिहास पर दिखने लगी है विकास की चमक

### कंस करार की जनश्रुति

बटेश्वर में द्वापर कालीन वन खंडेश्वर महादेव मंदिर है। यमुना की प्राचीन धारा बटेश्वर और कलींजर के मध्य से होकर बहती थी। जनश्रुति के मुताबिक वध के बाद कृष्ण ने कंस के शव को यमुना नदी में बहा दिया था। शव बटेश्वर में यमुना की जिस करार (टीले) से टकराया था, उसे आज भी कंस करार के नाम से जानते हैं। बटेश्वर के नरेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि पूर्वजों से कंस करार की जनश्रुति से सुनते चले आए हैं।

### शौरीपुर से मथुरा गई थी वासुदेव की बारात

शौरीपुर से वासुदेव की बारात मथुरा गई थी। भागवताचार्य रामानंद शर्मा ने बताया कि कंस रथ से वासुदेव और देवकी को शौरीपुर छोड़ने के लिए आ रहा था। तभी आकाशवाणी हुई, देवकी की कोख से जन्म लेने वाली आठवीं संतान कंस का काल होगी। तब कंस ने वासुदेव और देवकी को मथुरा के कारागार में बंद कर दिया।

### सूरसेन ने बसाया शौरीपुर

नेमिनाथ, कृष्ण चचेरे भाई- सूरसेन ने शौरीपुर बसाया था। विनोद जैन, मनीष जैन ने बताया कि सूरसेन के पुत्र समुद्र विजय की संतान 22 वें जैन तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ थे। जबकि उनके दूसरे बेटे वासुदेव की संतान भगवान श्रीकृष्ण थे। इस नाते दोनों चचेरे भाई हैं। बटेश्वर मंदिर के पुजारी राकेश बाजपेयी ने बताया कि कृष्ण के पिता वासुदेव शिव भक्त थे, वह वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में नित्य पूजा करते थे।

## रेस्तरां में खाना और हवाई सफर महंगा: कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''जनता पर 'महंगाई मैन' मोदी का हंटर फिर चला है। अब कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर 10 रुपए महंगा कर दिया। सिर्फ 8 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम करीब 1,200 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। जी हां, 8 महीने में 1,200 रुपये महंगा।'' कांग्रेस ने आगे कहा, ''महंगाई मैन मोदी का फंडा साफ है- जनता से वसूली करो, दोस्त की तिजोरी भरो।''
तेल विपणन कंपनियों ने सितंबर 2026 में कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। 19 किलोग्राम वाले सिलिंडर की कीमतों में प्रमुख शहरों में 9.50 रुपये से 11.50 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमत भी बढ़ी है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, एटीएफ की कीमत 6.28 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 121.28 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इससे पहले यह 115 रुपये प्रति लीटर थी।

## कांग्रेस-टीवीके में हुई सुलह: राहुल ही गठबंधन के पीएम पद के उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने राहुल गांधी को गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताया है। कांग्रेस विधायक दल की नेता थाराहाई कथबर्ट ने सोमवार को यह दावा किया। मीडिया में सत्तारूढ़ दल और उसके गठबंधन सहयोगी के बीच नेतृत्व को लेकर मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए कथबर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए विजय के नाम की स्थानीय स्तर पर हो रही चर्चा पार्टी नेतृत्व का आधिकारिक रुख नहीं है। यह कार्यकर्ताओं के उत्साह को दिखाता है। कथबर्ट ने पत्रकारों से कहा, ¥मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना है। वह उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं।¥ मंत्री विश्वनाथन की ओर से की गई सार्वजनिक टिप्पणी पर कथबर्ट ने कहा कि कांग्रेस अपने दम पर आगे बढ़ रही है और टीवीके के अधीन होकर काम नहीं करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक और स्वतंत्र संगठन के रूप में काम करती है।
तमिलनाडु के मंत्री एस. राजेश कुमार और उच्च शिक्षा मंत्री पी. विश्वनाथन ने कांग्रेस और टीवीके के बीच गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर टीवीके 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार नहीं करती है, तो कांग्रेस के दोनों मंत्री राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी देश के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपने रुख से समझौता नहीं करेगी।

# सुप्रीम फैसला: नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर रद्द



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर दर्ज एफआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने आर्टिकल 142 के तहत मिले अपने विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली और चार राज्यों में दर्ज एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। साथ ही सीजेपी ने केंद्र के कदम और कोर्ट के आदेश को देखते हुए पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च वापस ले लिया।

**केंद्र ने प्रदर्शनकारी छात्रों के परिवारों को मुआवजे पर क्या कहा?:** सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत में दिए गए भरोसे पर कायम है। उन्होंने बताया कि नीट प्रदर्शन के दौरान आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। केंद्र ने इसके लिए तीन महीने का समय मांगा है। मुआवजे का तरीका तय करने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों और संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी।

### किन राज्यों में प्रदर्शनकारी छात्रों की FIR रद्द होंगी?

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के अलावा असम, महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में नीट प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।
- ये मामले 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शन से जुड़े थे।
- दिल्ली पुलिस और चार राज्य सरकारों ने कोर्ट से आर्टिकल 142 के तहत इन मामलों को खत्म करने की मांग की थी।
- मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले पर सुनवाई की और एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

### 2873 लोगों पर फिर कार्रवाई क्यों होगी?

कोर्ट ने प्रदर्शन से जुड़े मामलों में राहत दी है, लेकिन केंद्र को 2873 ऐसे लोगों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी है, जिनके बारे में आपराधिक इतिहास होने की बात कही गई है। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है। सुनवाई के दौरान वकील हरिहरन ने इन 2873 लोगों की सूची मांगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन लोगों के खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीजेपी ने पांच सितंबर का मार्च क्यों वापस लिया?

सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कोर्ट में बताया कि संगठन ने पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के सकारात्मक भरोसे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कोर्ट ने सौरव दास का बयान दर्ज कर लिया। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी कहा कि दोनों पक्ष अगर एक-दूसरे पर भरोसा रखें तो समस्याओं का समाधान बातचीत से किया जा सकता है।

### कोर्ट ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत को लेकर क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खुले दिमाग से बातचीत की जाए तो मुश्किल से मुश्किल मुद्दे का समाधान निकाला जा सकता है। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि सरकार और प्रदर्शनकारी दोनों पक्षों की बातचीत सकारात्मक और रचनात्मक रही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष दुश्मन नहीं हैं। इसके बाद कोर्ट ने अपनी अर्जियों में रखी गई बातों को आदेश में दर्ज किया और दिल्ली तथा चार राज्यों में प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

## बगावत के बाद सांसदी बचाने की जंग: टीएमसी के सांसदों ने सचिवालय से मांगा तीन हफ्ते का समय

**नई दिल्ली।** टीएमसी छोड़कर एनसीपीआई के साथ जाने वाले 20 लोकसभा सांसदों ने अपने खिलाफ चल रही दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता की कार्यवाही में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। लोकसभा सचिवालय ने पहले उन्हें सात दिन में जवाब देने को कहा था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जिसने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष चल रही कार्यवाही में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बागी सांसद कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेकर अपना पक्ष तैयार कर रहे हैं। इस बीच, टीएमसी और असंतुष्ट खेमे के बीच जारी राजनीतिक टकराव ने मामले को पश्चिम बंगाल के बदलते राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण बना दिया है। लोकसभा सचिवालय ने 26 अगस्त को टीएमसी के 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा था। ये नोटिस टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर उन याचिकाओं के बाद जारी किए गए थे, जिनमें इन सांसदों को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक, 25 अगस्त का नोटिस सांसदों को अभिषेक बनर्जी की 18 जून की याचिका की प्रति के साथ भेजा गया था।

## तीन से पांच तक मथुरा में ट्रैफिक को लेकर व्यापक बदलाव

▪ तीन सितंबर की सुबह 8 बजे से श्री कृष्ण जन्मभूमि की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा

▪ वृंदावन में भी सभी मार्गों पर रूट डायवर्जन, पांच सितंबर सुबह 8 बजे तक रहेगा लागू

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मथुरा प्रशासन ने यातायात रूट में व्यापक बदलाव किए हैं। महापर्व को मनाये जाने के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ एवं सुगम बनाये जाने हेतु तीन सितंबर को प्रातः 08.00 बजे से पांच सितंबर को प्रातः 09.00 बजे तक शहर क्षेत्र का यातायात परिवर्तित रहेगा।

गोवर्धन चौराहा एवं मण्डी चौराहा से भूतेश्वर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेगें । भूतेश्वर तिराहा से श्री कृष्ण जन्मभूमि की तरफ सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। स्टेट बैंक चौराहा से सभी प्रकार के वाहन भूतेश्वर की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। रेलवे ग्राउण्ड धौली प्याऊ से स्टेट बैंक चौराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी वृन्दावन की यातायात व्यवस्था

- छटीकरा से कस्वा वृन्दावन की ओर भारी / कॉमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।
- छटीकरा-वृदांवन मार्ग पर मल्टीलेबल पार्किंग स्थल से आगे किसी प्रकार का वाहन नहीं जा सकेगा।
- वैष्णोदेवी पार्किंग से सभी प्रकार के भारी वाहन बडी बसे एवं छोटी बसे वृन्दावन की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगी।
- रुकमणि बिहार गोलचक्कर से वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगे।
- मथुरा-वृदांवन मार्ग पर सौ सैया से आगे सभी प्रकार के (भारी / चार पहिया ) वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।
- वृन्दावन कट, पानीगांव से वृन्दावन की ओर सभी प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगे।
- पानी घाट तिराहे (यमुना पुल) से परिक्रमा मार्ग की ओर वृन्दावन के लिए सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे।
- पानीगांव चौराहा से सौ-सैया कस्वा वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे
- जैत गांव कट से एनएच-19 से तथा परिक्रमा मार्ग कट एनएच -19 से भारी वाहन/ हल्के वाहन सुनरख रोड / वृन्दावन की ओर कोई वाहन प्रवेश नहीं करेगा ।

## जीडीपी: पीएम मोदी बोले- दुनिया संकटों से घिरी, फिर भी भारत ने हासिल की 7.8% विकास दर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की 7.8 प्रतिशत आर्थिक विकास दर को लेकर देशवासियों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो साझा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि देश की सामूहिक शक्ति, संकल्प और मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और संकट के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 7.8% ग्रोथ पर मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने कहा कि 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना देश के लिए खुशी की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय देशवासियों की संकल्प शक्ति और पुरुषार्थ को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के कई हिस्से युद्ध और संकट से घिरे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से युद्ध की खबरें सामने आ रही हैं और वैश्विक सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि 2020 के कोविड काल के बाद से दुनिया में स्थिरता पूरी तरह लौटती नहीं दिखी है, इसके बावजूद भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है।



### विपक्ष पर पीएम मोदी ने क्या निशाना साधा?

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ भारत तमाम वैश्विक चुनौतियों को पार करते हुए आगे बढ़ रहा है, वहीं देश के भीतर कुछ लोग निराशा और झूठ का माहौल बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी चुनौतियों के बीच भारत ने 7.8 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की है। अब देश को इस आर्थिक रफ्तार को बनाए रखना है और विकास की गति को और आगे ले जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति को और मजबूत करने के लिए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण जरूरी है।

# यूजीसी के विरोध में इंस्पेक्टर से हाथापाई

**टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर।**

▪ तहसील गेट पर प्रदर्शनकारियों को रोकने पर इंस्पेक्टर को दिया धक्का, जमीन पर गिरे

▪ प्रदर्शनकारियों ने हाइवे पर जमकर की नारेबाजी और हंगामा, हाइवे पर लगाया जाम

यूजीसी के विरोध में क्षत्रिय सभा, सिस्टम सुधार संगठन व सवर्ण समाज के नेतृत्व में खंदौली के वमान से निकाली गई बाइक रैली तहसील प्रांगण तक पहुंची। इस दौरान गेट पर अंदर आने से क्राइम इंस्पेक्टर के रोकने को लेकर प्रदर्शनकरियों से नोकझोंक व धक्का मुक्की के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर जमीन पर गिर गए। इसके बाद क्राइम इंस्पेक्टर ने लोगों को लाठी मारने लगे। जिसके बाद प्रदर्शनकारी उग्र होकर हंगामा करने लगे। एसीपी ने क्राइम इंस्पेक्टर को बचाकर एक वकील की केबिन में ले गए। प्रदर्शनकारी क्राइम इंस्पेक्टर को बर्खास्त करने को लेकर हंगामा करते हुए हाईवे पर पहुच गए। इससे हाईवे पर जाम लग गया। काफी देर बाद एसीपी देवेश सिंह व एसडीएम सुमित सिंह ने क्राइम इंस्पेक्टर पर कार्यवाही के आश्वासन पर हाईवे से उठकर तहसील परिसर में धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा पढ़ा। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया।

मंगलवार को खंदौली के गांव वमान में यूजीसी के विरोध में क्षत्रिय सभा यमुनापार के अध्यक्ष भरत सिंह सिकरवार व सिस्टम सुधार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर व सवर्ण समाज के सैकड़ो लोगों के साथ बाइक रैली निकालबकर आँवलखेड़ा, बरहन होते हुए एत्मादपुर बरहन चौराहे पर पहुंचने पर एसडीएम सुमित सिंह व एसीपी देवेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्हें रोककर वही ज्ञापन देने की बात कहने लगे। जिस पर लोग हंगामा करते हुए पैदल नारेबाजी करते हुए तहसील चौराहे पर पहुंचकर सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। जिसके 10 मिनट बाद भीड़ नारेबाजी करते हुए तहसील के गेट पर पहुच गए।



जहां क्राइम इंस्पेक्टर जेपी तिवारी ने भीड़ को रोकने का प्रयास किया। जिसके चलते प्रदर्शनकारियों से नोकझोक होने लगी। तभी भीड़ में से कुछ लोगों ने क्राइम इंस्पेक्टर को धक्का दे दिया। जिस कारण वह जमीन पर गिर गए। क्राइम इंस्पेक्टर ने लाठी लेकर भीड़ में लाठी चलाना शुरू कर दिया। जिसमे सिस्टम सुधार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के भी लाठी मारने लगे। एसीपी ने रोका। लाठी चलाने पर भीड़ उग्र होकर हंगामा करते हुए क्राइम इंस्पेक्टर को पकने दौड़े। बमुस्किल एसीपी व इंस्पेक्टर ने क्राइम इंस्पेक्टर को ले जाकर एक वकील की केबिन में बैठाया।

भीड़ उग्र होकर क्राइम इंस्पेक्टर को बर्खास्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगी। धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। आधा घण्टे हंगामा करने के बाद भीड़ तहसील से उठकर हाईवे पर पहुच गई। सड़क के दोनों साइड पर बैठकर हंगामा करने लगे। जिसके चलते हाईवे पर जाम लग गया। एसीपी देवेश सिंह व एसडीएम सुमित सिंह के क्राइम इंस्पेक्टर के खिलाफ कारवाही का आश्वाशन देने पर प्रदर्शनकारी वहां से उठकर तहसील चले गए। इस दौरान 15 मिनट तक हाईवे पर जाम लगा रहा। प्रदर्शनकारी तहसील परिसर में एक घण्टे धरने पर बैठने के बाद एसडीएम सुमित सिंह व एसीपी देवेश सिंह को यूजीसी कानून वापस लेने तथा क्राइम इंस्पेक्टर के खिलाफ कारवाही को लेकर ज्ञापन देकर धरना समाप्त कर दिया। ज्ञापन देने वालो में भरत सिंह सिकरवार, अंशुमन ठाकुर, मनोज सिकरवार, रोहित चौहान, दीपेश ठाकुर, मयंक परमार, अंशुमान शास्त्री, पंकज ठाकुर, शिवम राठौड़, प्रतीक चौहान, गजेंद्र परमार, नवल त्यागी, रामेश्वर सिंह, देवकी नंदन, कुक्कू चौहान, सूर्या ठाकुर, रूपेंद्र भारद्वाज, दीपक सिकरवार, राघवेंद्र ठाकुर, भोला चौधरी, कृष्णवीर जादौन, रानू चौहान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। सहायक पुलिस आयुक्त देवेश कुमार सिंह ने कहा कि हाईवे जाम नहीं हुआ है। कोई मारपीट नहीं हुई है। यूजीसी के विरोध में ज्ञापन देने आए थे। ज्ञापन उपजिलाधिकारी सुमित सिंह ने ले लिया है। मामला शांत है।

# आगरा में ऐतिहासिक श्रीराम बारात 6 अक्टूबर को

## श्री रामलीला कमेटी के साथ श्री रामलीला महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- जनकपुरी में बनेगा एकीकृत कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता और विधायक एवं श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल की गरिमामई उपस्थिति में श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें रामलीला मैदान, जनकपुरी, श्रीराम बारात एवं विभिन्न शोभायात्रा मार्गों पर प्रस्तावित विकास एवं व्यवस्थागत कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रीरामलीला महोत्सव में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय से पहले व्यवस्थाएं पूर्ण करें। उन्होंने जनकपुरी में एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित कर उसमें नगर निगम, स्वास्थ्य, जलकल, जल निगम, वन विभाग, अग्निशमन, विद्युत, टोरेंट एवं पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए। रामलीला मैदान, जनकपुरी तथा शोभायात्रा मार्गों पर सफाई एवं जलनिकासी की विशेष व्यवस्था रहे। प्रमुख नालों को ढकने, नाले-नालियों की सफाई,



प्रतिदिन एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग, खराब हैंडपंपों की मरम्मत तथा पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संपर्क मार्गों, सड़कों, इंटरलॉकिंग एवं साइड पटरी के कार्य भी समय से पूर्ण किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुनाधर चौहान, नगरायुक्त संतोष कुमार वैश्य, अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार, डीएफओ राजेश कुमार, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राघवेंद्र वर्मा, सहायक खाद्य आयुक्त महेंद्र श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा श्रीरामलीला कमेटी एवं जनकपुरी समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मुकुट पूजन के साथ 25 सितंबर को होगा महोत्सव का शुभारंभ

विधायक व अध्यक्ष श्री रामलीला कमेटी पुरुषोत्तम खंडेलवाल तथा महामंत्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि ऐतिहासिक श्रीरामलीला को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी एवं मुकुट पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 26 सितंबर को श्रीमन :कामेश्वरनाथ महाराज की मुकुट सवारी, 28 सितंबर को श्रीगणेश जी की सवारी तथा 29 सितंबर को रावण की दुहाई का नगर भ्रमण होगा। 30 सितंबर से रामलीला मैदान में मंचीय लीलाओं का शुभारंभ होगा। 01 अक्टूबर को श्रीराम जन्मोत्सव, 02 अक्टूबर को सीता जन्मोत्सव, 03 अक्टूबर को ताड़का वध एवं पुष्प वाटिका, 04 अक्टूबर को धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद तथा 05 अक्टूबर को जनकपुरी में निमंत्रण लीला आयोजित होगी। 06 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम की भव्य एवं ऐतिहासिक बारात निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 07 से 09 अक्टूबर तक सिकंदरा स्थित भावना एस्टेट रोड पर भव्य जनकपुरी सजाई जाएगी। 20 अक्टूबर को रावण वध एवं विशाल पुतले का दहन होगा। विजयदशमी पर आतिशबाजी विशेष आकर्षण रहेगी तथा 24 अक्टूबर तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। विधायक ने बताया कि इस वर्ष श्रीराम बारात में 200 से अधिक झांकियां, अखाड़े एवं बैंड शामिल होंगे। झांकियों के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों के साथ नेत्रदान, रक्तदान एवं अन्य सामाजिक सरोकारों के संदेश भी दिए जाएंगे। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा तथा गोवर्धन महाराज की विशेष झांकी प्रमुख आकर्षण होगी।



### कराटे बेल्ट परीक्षा में जुड़वां बहनों को मिली ब्लू बेल्ट

**बाह।** विश्नु मार्शल आर्ट्स अकादमी बाह में मंगलवार को बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। मास्टर विश्नु मिश्रा ने बच्चों को कराटे तकनीक, काता, कुमिते में दक्षता को परखा। प्रशिक्षक कृष्ण कुमार के साथ ली गई बेल्ट परीक्षा में जुड़वां बहनों अनुष्का एवं सौम्या ने ब्लू बेल्ट हासिल की है। अंशुम एवं अभिनव ने ब्राउन बेल्ट प्राप्त की। जबकि आराध्या को ऑरेंज एवं वीरेन्द्र को ग्रीन बेल्ट मिली। बेल्ट परीक्षा में मौजूद नवीन कुमार, प्रवेश सिंह, संध्या, दीपेश भदौरिया ने कराटे खिलाड़ियों के अनुशासन, आत्मविश्वास एवं संघर्ष की क्षमता की सराहना की।

### खंदौली स्कूल में मिड-डे मील चोरी, एक हफ्ते में दूसरी बार हुई वारदात



**खंदौली।** थाना क्षेत्र के खेड़िया गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर विद्यालय से बच्चों के मिड-डे मील का राशन और खाना बनाने का सामान चोरी कर ले गए। आठ दिन के भीतर यह दूसरी चोरी की वारदात है। विद्यालय के अध्यापक मोहम्मद आमिर ने बताया कि करीब आठ दिन पहले भी अज्ञात चोरों ने विद्यालय में चोरी का प्रयास किया था। उस समय ताले तोड़ दिए गए थे, लेकिन कोई सामान चोरी नहीं हुआ था। बीती रात चोर दोबारा पहुंचे और स्टोर रूम के ताले व कुंडे तोड़कर सारा सामान चुरा लिया। चोरों ने विद्यालय से लगभग 200 किलोग्राम चावल, 100 किलोग्राम गेहूं, खाना बनाने का चूल्हा और अन्य बर्तन चुरा लिए। इस घटना से स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों में चिंता फैल गई है। एक ही विद्यालय में आठ दिन के भीतर दूसरी बार चोरी की घटना से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने चोरों के बढ़ते हौसलों पर चिंता व्यक्त की है। घटना की सूचना मिलने पर खंदौली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गौशालाओं में लापरवाही पर गिरेगी गाज

- एफएमडी और लम्पी टीकाकरण अभियान तेज
- चारा और टीकाकरण के डिप्टी सीवीओ ने दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।



बरसात के मौसम में गोवंशों को संक्रामक बीमारियों से बचाने और गोशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय में डिप्टी सीवीओ डॉ कमल सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोशालाओं में साफ-सफाई, फॉगिंग, हरे चारे की उपलब्धता और पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

डॉ कमल सिंह ने कहा कि गोशालाओं में रह रहे गोवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी गोशालाओं में नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग कराई जाए, ताकि बरसात के मौसम में बीमारियों का प्रकोप न बढ़े। साथ ही गोवंशों को पौष्टिक आहार और पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध कराने तथा बीमार पशुओं का समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नई आने वाली गायों का अनिवार्य रूप से लम्पी रोग का टीकाकरण कराने और बीमारी की सूचना तत्काल पशु चिकित्सक को देने को कहा गया। बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा क्षेत्र में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) और लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। छह टीमें गठित कर पालतू एवं निराश्रित पशुओं को एफएमडी के टीके लगाए जा रहे हैं, जबकि सभी गोशालाओं में गायों का एलएसडी वैक्सीन से टीकाकरण कराया गया है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण फैलने का खतरा काफी कम हो जाता है।

बैठक में बताया गया कि चीत, डुंगरवाला, पहाड़ी कलां, भाकर और अयेला की पांच गोशालाओं में कुल 1227 गोवंश संरक्षित हैं। अधिकारियों ने गोशालाओं की साफ-सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा गोवंशों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखने पर जोर दिया।बैठक में एडीओ पंचायत दीवान सिंह, एडीओ वीरेंद्र सिंह, सचिव डरे लाल, राहुल राजौरिया, शशि शेखर दुबे, विजयवीर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुनीता सिंह चौहान ने संभाला कार्यभार


**खेरागढ़।** मंगलवार को नवागत एसीपी सुनीता सिंह चौहान ने खेरागढ़ सर्किल का कार्यभार संभाल लिया। चार्ज ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और पीड़ितों को समय से न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## बिजली चोरी करते 8 लोग पकड़े

**पिनाहट।** विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में पिनाहट क्षेत्र में विद्युत चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अर्जुनपुरा, विप्रावली और पिनाहट टाउन में विद्युत कनेक्शनों और मीटरों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान टीम को कई उपभोक्ताओं के यहां विद्युत अनियमितताएं मिलीं। जांच में आठ लोग मीटर की इनकमिंग केबल में अतिरिक्त केबल जोड़कर और अवैध रूप से विद्युत का प्रयोग करते हुए पाए गए। विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए सभी के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान विद्युत मीटर, कनेक्शन और केबल की जांच की जा रही है। विभाग ने उपभोक्ताओं को विद्युत का अवैध रूप से प्रयोग न करने की हिदायत दी है। चेकिंग अभियान में सौरभ, दिलीप, हीरा, रोहित और अभिषेक सहित विद्युत विभाग की टीम मौजूद रही। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली का वैध रूप से प्रयोग करें और समय से विद्युत बिल का भुगतान करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि विद्युत चोरी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एक्सप्रेसवे पर हादसों में चालक समेत दो घायल

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना फतेहाबाद क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो हादसों में एक अनियंत्रित ट्रेलर खाई में पलट गया, जबकि एक कार डिवाइडर के पास खड़ी गाड़ी से टकराकर पलट गई। इस दौरान ट्रेलर चालक और परिचालक घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कार चालक हादसे में बाल-बाल बच गया।

पहली घटना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार देर रात करीब 1:50 बजे किलोमीटर 23.100 पर डायवर्जन के पास टायर फटने के कारण पहले से खड़ी कार में दिल्ली से इटावा की ओर जा रहे कार चालक आनंद चौहान निवासी मवाना रोड, प्रहलादपुर बांगर, दिल्ली की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खड़ी कार से टकराकर सड़क पर ही पलट गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधा मोहन द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। वहीं दूसरी घटना मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे आगरा से लखनऊ की ओर पाउडर लादकर जा रहा एक ट्रेलर किलोमीटर 34 के पास अनियंत्रित हो गया। पुलिस के मुताबिक चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन 50 मीटर एमसीबी व जाली को तोड़ते हुए लगभग 20 फीट गहरी खाई में जा पलटा।

हादसे में राजस्थान के सीकर निवासी चालक महेंद्र पुत्र धवन लाल और परिचालक राजू पुत्र अजगर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा की टीम ने दोनों को खाई से निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी प्रथम सुधीश कुमार शुक्ला ने बताया कि हादसा नींद की झपकी आने की वजह से हुआ।

### कोटेदार की दुकान में पहुंचा मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा



**बाह।** चंबल नदी से निकला मगरमच्छ सोमवार रात 10.30 बजे बिट्ठौना गांव के कोटेदार रामसरन पुजारी की दुकानों तक पहुंच गया। जिससे अफरा तफरी मच गई। बाह से पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चंबल नदी के नंदगवा घाट पर छोड़ दिया। सोमवार रात 10.30 बजे बिट्ठौना के कोटेदार रामसरन पुजारी की दुकानों के पास मगरमच्छ पहुंच गया। दुकानों की शटर के पास विचरण कर रहे मगरमच्छ को देख ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज के निर्देशन में वन विभाग की टीम रात में ही मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे में मगरमच्छ को रेस्क्यू किया और सुरक्षित ले जाकर चंबल नदी के नंदगवा घाट पर छोड़ दिया। वन विभाग की टीम की निगरानी में मगरमच्छ नदी में चला गया। मगरमच्छ के रेस्क्यू होने के बाद ग्रामीणों ने चैन की सांस ली।

### चोरी की राइफल समेत इनामी बदमाश गिरफ्तार

**खेरागढ़।** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार वर्ष पूर्व सैंया क्षेत्र से चोरी हुई लाइसेंसी राइफल बरामद कर 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से राइफल, दो जिंदा कारतूस, 50 हजार रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। डीसीपी पश्चिमी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि थाना सैंया क्षेत्र के गांव मुखरई में पूर्व प्रधान के घर हुई बड़ी चोरी की वारदात में लाइसेंसी राइफल, नगदी और आभूषण चोरी हुए थे। काफी प्रयास के बाद राइफल बरामद नहीं हो सकी थी। तभी से पुलिस इसकी तलाश में जुटी हुई थी।सोमवार को खेरागढ़ पुलिस, सर्विलांस, एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर फजीहतपुरा मोड़ के पास से बाइक सवार एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान ध्रुव सिंह निवासी रजई,बसई डांग, जिला धौलपुर (राजस्थान) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की लाइसेंसी राइफल, दो कारतूस, 50 हजार रुपये नकद और बाइक बरामद हुई।पुलिस के अनुसार आरोपी ने खेरागढ़ क्षेत्र में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपी पर पहले 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था, जिसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया था। उसके दो फरार साथियों बबलू एवं अनुरुद्ध की तलाश के प्रयास में जुटी हुई है।

### अवैध पिस्टल लेकर घूम रहा बाल अपचारी पकड़ा

**पिनाहट।** शराब के ठेके पर अवैध पिस्टल लेकर घूम रहे एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे थाना बसई अरेला पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक बाल अपचारी अवैध असलाह लेकर अरनौटा पिनाहट स्थित शराब ठेके के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर? लिया है। इंस्पेक्टर बसई अरेला समरेश सिह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**खेरागढ़।** सैंपऊ रोड स्थित कुशियापुर बॉर्डर पर मंगलवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। युवक के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, 500 रुपये नकद और एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ। उसके साथ बाइक पर सवार दो नाबालिगों को पूछताछ के बाद बाल कल्याण अधिकारी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक लोकेश भाटी पुलिस टीम के साथ कुशियापुर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान खेरागढ़ की ओर से सैंपऊ जा रही बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान बाइक चालक की पहचान अरविंद निवासी नगला बिठोरा, थाना कंचनपुर, जिला धौलपुर (राजस्थान) के रूप में हुई। उसकी पैंट की दाहिनी जेब से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा लाइसेंस मांगे जाने पर वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। बरामदगी और गिरफ्तारी की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वहीं बाइक को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत जब्त कर लिया गया।

### ऑटो से सोने के आभूषण समेत पर्स चोरी

**बाह।** रक्षाबंधन के बाद सोमवार को ससुराल लौट रही महिला का सोने के आभूषण समेत पर्स ऑटो से चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ऑटो चालक की तलाश में जुट गई है। बरनाहाल मैनपुरी के गोकुलपुर गांव की प्रीती ने दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक सोमवार को अपनी भतीजी प्रिया, बेटी आरवी के साथ अपने मायके करनपुरा गांव से ससुराल जाने को घर से निकली थी। 26 अगस्त को रक्षाबंधन के त्योहार पर करनपुरा आई थी। सोमवार दोपहर 2.30 बजे बाह स्थित केनरा बैंक से खांद जाने को ऑटो में बैठी थी। ऑटो में चालक और एक सवारी पहले से थी। रास्ते में एक सवारी और बिठा ली। खांद चौराहे पर ऑटो से उतरी तो बैग की चैन खुली मिली, सोने के आभूषण समेत पर्स गायब था। ऑटो चालक एवं दो सवारियों पर उन्होंने पर्स चोरी किए जाने का शक जताया है। पति गुरुप्रसाद एवं परिजनों संग थाने में पहुंची महिला की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।




### पापरी नागर में प्रदेश स्तरीय दंगल कल

**पिनाहट।** थाना मनसुखपुरा के गांव पापरी नागर स्थित गौशाला परिसर में गोपाल गौ सेवा समिति द्वारा आगामी 3 सितंबर को प्रदेश स्तरीय विशाल कुश्ती दंगल मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक पक्षालिका सिंह भदावर और पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह द्वारा किया जाएगा। एवं विशिष्ट अथिति भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह रहेंगे। दंगल मेला आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा जोरदार से तैयारीयां की जा रही है। मंगलवार को आयोजक समिति के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर पहलवान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जिसमें बताया कि विशाल दंगल मेला का आयोजन समिति के सहयोग से भारतीय परंपरा और खेल संस्कृति के संरक्षण हेतु कराया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक द्वारा बताया गया। दंगल मेला में कई जिलों और प्रदेशों के पहलवान भाग लेंगे और कुश्ती में अपना दमखम दिखाएंगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है बरसात को देखते हुए दंगल की वाटरप्रूफ पंडाल और मंच तैयार किया गया है। हजारों की संख्या में दंगल मेला देखने के लिए लोग पहुंचेंगे। इस विशाल दंगल के लिए प्रशासन का भी सहयोग लिया गया है। दंगल में अजय गुर्जर, युधिष्ठिर, भोला कसनी, चिराग और हरकेश भारत केसरी पहलवान सहित महिला पहलवान भी भाग लेंगी। कुश्ती में प्रथम पुरस्कार 2 लाख 51 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 51 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपए प्रदान की जायेगी। इस दौरान शिवप्रताप सिंह, अजीत चौहान, आकाश परिहार, रामू तोमर, बृजमोहन सिंह, भानु तोमर, भूरा परिहार,मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान घायल साध्वी की मौत

**बाह।** कबीर आश्रम बटेश्वर में रहने वाली 70 वर्षीय साध्वी श्रीदेवी बाह के धोबई गांव के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हो गई थी। पैर में फ्रैक्चर होने की बजह से इलाज के लिए एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा में भर्ती कराया था। आश्रम के बदन सिंह ने बाइक सवार के खिलाफ बाह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाह पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात उपचार के दौरान साध्वी का एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा में मौत हो गई। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। कचौराघाट गांव के रहने वाले साध्वी के भाई मोर्चरी पर पहुंच गये थे। मृतका ने पति की मौत के बाद साध्वी का चोला पहन लिया था। उनके कोई संतान नहीं थी।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष टालने को किया जागरूक

**बाह।** खेडा राठौर के सन्नपुरा गांव में सोमवार शाम 7.30 बजे खेत में गये सुनील कुमार पर वन्यजीव ने हमला कर उसके बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली चबा ली थी। ताऊ के बेटे प्रीतम सिंह की मदद से जान बची थी। दोनों भाई हमलावर वन्यजीव को लकड़बग्घा बता रहे हैं। वहीं मंगलवार को मानव-वन्यजीव संघर्ष टालने के लिए ग्रामीणों को जागरुक करने सन्नपुरा पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच में हमलावर वन्यजीव को जैकाल होने का दावा किया है। जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि सन्नपुरा गांव चंबल सेंक्चुअरी की बाह रेंज में है। जबकि हमला जैतपुर रेंज क्षेत्र में हुआ है। चंबल सेंक्चुअरी के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि बारिश के मौसम में चंबल के बीहड़ से वन्यजीव निकल कर बाहर आते हैं। भोजन न मिलने पर हमलावर हो जाते हैं। ग्रामीणों को चंबल के बीहड़ एवं नदी क्षेत्र से दूरी बनाने का आहवान किया है

# कंस मेले में फूहड़ डांस और डीजे पर रोक

## सांस्कृतिक मयार्दा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने उठाए कड़े कदम

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

कस्बा फतेहाबाद में लगने वाले ऐतिहासिक कंस मेले की सांस्कृतिक मयार्दा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। मेले में निकलने वाली झांकियों के साथ अश्लील डांस और डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।

मंगलवार को थाना फतेहाबाद परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कंस मेला कमेटी और दधिलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ सहायक पुलिस आयुक्त इमरान अहमद और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। शिखर मिश्रा ने कहा कि 6 तारीख को निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान डीजे नहीं बजेगा और न ही फूहड़ डांस की अनुमति होगी। इसके साथ ही, देवी-देवताओं का स्वरूप धारण करने वाले कलाकारों के डांस करने पर भी रोक लगाई गई है। सहायक पुलिस आयुक्त इमरान अहमद ने कहा कि कंस मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान है, इसके मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीजे के तेज शोर से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि इसकी आड़ में असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेले के दौरान घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, यातायात पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती की जाएगी। उपद्रवियों और माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि 6 तारीख के बाद कस्बे में मेले का आयोजन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा, ताकि मेले की आड़ में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बैठक में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, दधिलीला कमेटी अध्यक्ष किशन, कंस मेला कमेटी अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, अंकित गुप्ता, आलोक बछरवार, नरेंद्र पाल सिंह सहित उपस्थित रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मान

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

माथुर वैश्य प्राउड फ्रेंड्स भारत द्वारा आयोजित आध्यात्मिक चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बाह रोड स्थित श्रीमती रतनदेवी कान्वेंट स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के मेधावी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में आगरा की हर्षिता गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ?750 की नकद राशि व सम्मान पत्र पर कब्जा जमाया। वहीं बाह की प्रिया गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं, जिन्हें ?500 व सम्मान पत्र दिया गया।फिरोजाबाद की कृपा कुशवाह ने तृतीय स्थान हासिल कर ?250 एवं सम्मान पत्र प्राप्त किया।समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन बबिता शल्या एवं भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में सहायक महालेखा नियंत्रक दीपक गुप्ता ने



विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के आशीष गुप्ता हैदराबाद, अवकेश गोलस फतेहाबाद, अभय मोहनियां मेहसाणा, दास दिनेश मथुरिया कोटा का विशेष योगदान रहा। समारोह में प्रधानाचार्या निशा गोलस, रितिक गुप्ता, तनु शर्मा, प्रिया गुप्ता सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हथियार बंद ससुरालियों ने युवती को छेड़ा

टीएनएफ टुडे, बाह।

भाई के हथियार बंद ससुरालियों द्वारा युवती को छेड़े जाने एवं विरोध पर उसकी मां एवं भाई को पीटे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घायल का मेडीकल कराया है। घटना 30 अगस्त की है, बाह क्षेत्र के एक गांव के युवक की ससुराल अछनेरा में है। घर पर विवाद होने पर युवक की पत्नी ने अपने मायके वालों को बुला लिया। हथियारों से लेस होकर अछनेरा के गोलू, बबलू व अन्य लोग आए। महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक बेटी के साथ छेड़छाड़ कर दी। जिसका विरोध करने पर उसके और छोटे बेटे के साथ मारपीट कर दी। पास पड़ोस के लोग आए तो हमलावर रात में धमकी दे गये कि पुलिस को बताया तो देख लेंगे। बाह पुलिस ने महिला के घायल बेटे का मेडीकल कराया था। तहरीर पर 2 नामजद व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक को घेरकर लाठी-डंडे, सरिया से पीटा

टीएनएफ टुडे, बाह।

छदामी मठ बाह पर रंगबाजी में घेर कर युवक को पीटे जाने एवं सोने की जंजीर गायब होने के मामले में पुलिस ने 3 नामजद समेत 8 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। खेडा राठौर के महेन्द्रपुरा के वीरेन्द्र सिंह ने बाह थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक 28 अगस्त रात 8.45 बजे बेटा मोहित उर्फ जयभान अपने भाई रोहित को गुरुग्राम जाने के लिए बाह पर छोड़ने आया था। रोहित को छोड़ने के बाद बाइक से घर वापस लौट रहा था। तभी छदामी मठ के पास गुमानसिंह पुरा के शेखर, बड़ागांव के सुखवीर उर्फ डब्बी गुर्जर, सूबेदारपुरा के नितिन राठौर व 5 अन्य रास्ता घेर कर गालियां देने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर लाठी, डंडे एवं लोहे की सरिया से हमला कर दिया। चीख पुकार पर राहगीर रुके तो जान से मारने की धमकी देकर हमलावर भाग गये। मारपीट के दौरान सोने की जंजीर गिर गई। तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। पिटाई से हाथ, सिर एवं पीठ पर चोटें लगी हैं। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेज दिया था। अस्पताल से बेटे संग थाने पहुंचे पिता की तहरीर पर बाह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आगरा में स्वाइन फ्लू का खतरा, अलर्ट जारी

-प्रभारी सीएमओ ने एडवायजरी को कड़ाई से लागू करने के दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे, आगरा।

स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट और एडवाइजरी जारी कर दी है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रावत ने स्वाइन फ्लू को लेकर जारी एडवायजरी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सीएमओ डॉ. अमित रावत ने बताया कि दिल्ली और लखनऊ जैसे शहरों में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ने के बाद, आगरा में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रभारी सीएमओ ने कहा कि आगरा पर्यटन नगरी है। ऐसे में यहां रोजाना देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ताजमहल और फतेहपुर सीकरी जैसे पर्यटन

- सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करने पर जोर
- पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की स्क्रीनिंग करने के दिए निर्देश जारी

स्थलों पर देशी-विदेशी पर्यटकों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसके साथ ही इलाज के लिए जरूरी दवा टैमीफ्लू की 5,000 टैबलेट का ऑर्डर दिया गया है। ताकि अस्पताल में इसकी कोई कमी न हो।

नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि एहतियातन एसएन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए विशेष वार्ड और बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के डॉक्टरों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही, जिला अस्पताल और रैपिड रिस्पांस टीम के मेडिकल स्टाफ को एंटी-स्वाइन फ्लू वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि स्वाइन फ्लू की जांच को लेकर भी विभाग ने स्पष्ट किया है कि हर सर्दी-जुकाम वाले मरीज की जांच नहीं होगी, बल्कि केवल गंभीर लक्षण वाले मरीजों की ही स्वाइन फ्लू जांच की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार का पैनिक (घबराने) की जरूरत नहीं है। केवल विभाग द्वारा जारी एडवायजरी का पालन करें और स्वाइन फ्लू से बचाव करें।

### ऐसा न करें

- बिना डॉक्टर की सलाह लिए एंटीबायोटिक या एंटीवायरल दवा न लें।
- यदि आपको सर्दी-जुकाम या बुखार है तो सार्वजनिक जगहों पर जाने से बचें।

स्वाइन फ्लू के लक्षण

- तेज बुखार, खांसी और गले में खराश होना
- सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ या सीने में दर्द होना
- शरीर और सिर में तेज दर्द व कमजोरी महसूस होना
- यदि आपको या आपके आस-पास किसी को ऐसे गंभीर लक्षण दिखते हैं, तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या डॉक्टर से संपर्क करें।

**बचाव करें और सावधानी बरतें**

-सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का उपयोग करें।

-खांसने या छींकने वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाकर रखें और खुद खांसते समय रूमाल का इस्तेमाल करें।

-समय-समय पर साबुन और पानी से हाथ साफ करते रहें।

**इन लोगों को अधिक खतरा**

10 साल से कम उम्र के बच्चे और 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग व गर्भवती महिलाएं।

रक्त संबंधी बीमारी, डायबिटीज, तंत्रिका तंत्र की बीमारी, कैंसर, टीबी या एचआईवी-एड्स से पीड़ित लोग।

फेंफड़े, हृदय, किडनी या लीवर की बीमारी से पीड़ित लोग।



### हजरत अहमद शाह सरकार का तीन दिवसीय उर्स संपन्न

आगरा। थाना लोहामंडी क्षेत्र के मदिया कटरा स्थित हजरत अहमद शाह सरकार का 172 वाँ उर्स बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जहाँ मंगलवार को कुल की रस्म अदा होने के बाद उर्स संपन्न हुआ। उर्स में आए हुए अन्य कई शहरों के सभी समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मोहब्बत की मिसाल पेश की। उर्स के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक थाना लोहामंडी एवं प्रभारी निरीक्षक मोती कुंज पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इसी बीच दरगाह कमेटी के मुतवल्ली चौधरी जाऊद्दीन साहब और सचिन चतुर्वेदी ने थाना लोहामंडी प्रभारी निरीक्षक और अन्य चौकी प्रभारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### चयन ट्रायल्स 3 और 5 सितंबर को

आगरा। खेल निदेशालय,उप्र एवं उप्र बैडमिण्टन संघ के तत्वावधान में 7 से 9 सितम्बर तक गाजियाबाद में आयोजित होने वाली प्रदेशीय समन्वय सब जूनियर बालक एवं बालिका स्टेट बैडमिण्टन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आगरा मण्डल की टीम का जनपदीय चयन-ट्रायल्स 3 सितंबर और मण्डलीय चयन-ट्रायल्स 5 सितंबर को अपरान्ह 3 बजे से एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियममें कराया जायेगा। चयन-ट्रायल्स में भाग लेने की प्रविष्टि नि:शुल्क हैं।अत: सबजूनियर बालक एवं बालिका के चयन/ट्रायल्स में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 3 एवं 5 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे एकलव्य स्टेडियम स्थित बैडमिण्टन हाल में अपनी जन्म तिथि प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सहित अनुज कपूर, बैडमिण्टन प्रशिक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

# ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी की तैयारी पूरी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत आगरा में ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और पारदर्शिता के कड़े इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी परिसर में बनाए गए एफएलसी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी प्रक्रिया कराने के सख्त निर्देश दिए। एफएलसी प्रक्रिया 2 सितंबर को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एफएलसी का प्रत्येक चरण सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार संपन्न



कराया जाए।

एफएलसी स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बैरिकेडिंग, प्रवेश और निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकृत अधिकारी, कर्मचारी और अन्य संबंधित व्यक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पहचान-पत्र अथवा वैध पास प्रस्तुत करने के बाद ही डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच के उपरांत एफएलसी हॉल में प्रवेश कर सकेंगे। बिना वैध पहचान-पत्र या पास के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक प्रवेश के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और इंजीनियरों की तलाशी ली जाएगी तथा प्रवेश-निकास का पूरा विवरण लॉग बुक में दर्ज किया जाएगा।

पूरे परिसर में लगातार सीसीटीवी कवरेज के साथ लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे एफएलसी प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा सके। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार अपनी निगरानी में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर/उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जीके वार्ष्णेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### लाभांश में बढ़ोत्तरी पर जताया आभार

आगरा। मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में ?35 प्रति क्विंटल की वृद्धि कर ?125 प्रति क्विंटल किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडे के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन कलेक्ट्रेट में आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिया गया।

आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दिए आभार ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के समस्त उचित दर विक्रेता (कोटेदार) आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को ?90 से बढ़ाकर ?125 प्रति क्विंटल, अर्थात ?35 प्रति क्विंटल की उल्लेखनीय वृद्धि किए जाने पर हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं।उचित दर विक्रेता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के गरीब, जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लाभांश में यह वृद्धि हमारे आर्थिक हितों को मजबूती देने के साथ-साथ हमारे सेवा कार्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता एवं सम्मान को भी दर्शाती है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष,देवकीनंदन दीक्षित, महासचिव श्याम सिंह, विनय अग्रवाल, विनोद विहारी महानगर उपाध्यक्ष, होरी लाल जिला कोषाध्यक्ष, लाल सिंह सदस्य, सुभाष चंद सदस्य. पुष्पेंद्र सिंह सदस्य, सोनू बघेल आदि मौजूद रहे।

# तीन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार से किया सम्मानित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

पुलिस सेवा में अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले कमिश्नरेट आगरा के तीन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ड्यूटी के दौरान प्रदर्शित साहस और उत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक पुलिस आयुक्त जसवीर सिंह सिरोही, निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा और मुख्य आरक्षी लोकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं 25-25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी।इसी क्रम में 1 सितंबर को पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त सचिन्द्र पटेल ने तीनों पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री की ओर से प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार सौंपकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने तीनों पुलिसकर्मियों के साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट कार्य की जमकर सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस सेवा में विपरीत परिस्थितियों के



बीच भी साहस के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे पुलिसकर्मियों का सम्मान पूरे पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कमिश्नरेट आगरा में तैनात एसीपी जसवीर सिंह सिरोही, निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा और मुख्य आरक्षी लोकेश कुमार द्वारा ड्यूटी के दौरान प्रदर्शित अदम्य साहस एवं उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए मिला यह सम्मान आगरा पुलिस के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कर्तव्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, साहस और समर्पण पुलिस सेवा की महत्वपूर्ण पहचान हैं। मुख्यमंत्री की ओर से दिया यह सम्मान पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना के साथ ही पूरे पुलिस बल को जिम्मेदारी और पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश देता है। प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सम्मानित पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ा।

पुलिस विभाग की ओर से ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने से पुलिस बल में बेहतर कार्य करने और कठिन परिस्थितियों में भी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने की भावना को मजबूती मिलती है। तीनों पुलिसकर्मियों को मिला यह सम्मान उनके व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य की पहचान होने के साथ-साथ पूरे आगरा पुलिस कमिश्नरेट के लिए प्रेरणा का संदेश भी है।

# मंगलवार को संकट मोचन दरबार में गूंजे जय बजरंगबली के जयकारे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मंगलवार के पावन दिन माल रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर जंगल वाले बाबा के दरबार में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, मंदिर परिसर को भव्य फूल बंगले और मनोहारी श्रृंगार से सजाया गया, वहीं संगीत में सुंदरकांड एवं भजन संध्या के दौरान वीर बजरंगबली के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

जो दिल से बजरंगबली को ध्यावे, उसका बेड़ा पार हो जाए्ल की आस्था के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचे, श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर दर्शन किए और हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर सुख-शांति, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की,भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक बलवीर सिंह बल्लों, मनोज रंगीला एवं रजत शमशाबादी ने संगीत के साथ सुंदरकांड के भजनों एवं हनुमान जी की महिमा से जुड़े एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, ह्यसंकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीराह्व जैसे भजनों पर श्रद्धालु



भाव-विभोर होकर झूम उठे। भक्त हाथ उठाकर जयकारे लगाते नजर आए तो कहीं श्रद्धालु भक्ति में मग्न होकर नृत्य करते दिखाई दिए। मंगलवार के विशेष अवसर पर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा, फूलों से सजे बाबा के दिव्य स्वरूप और दीपों की रोशनी से मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी। भक्तों का मानना रहा कि मंगलवार को सच्चे मन से वीर बजरंगबली का स्मरण करने वाले भक्तों के संकट दूर होते हैं और उनके जीवन में नई ऊर्जा एवं विश्वास का संचार होता है।

महंत बोले,बाबा के दरबार में आने वाला भक्त खाली हाथ नहीं लौटता

इस अवसर पर महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि हनुमान जी भक्ति, शक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। मंगलवार को श्रद्धा से बजरंगबली का स्मरण करने और उनके चरणों में मन लगाने से भक्त को आत्मबल मिलता है।

बाबा का दरबार भक्तों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र है, जहां आने वाला हर श्रद्धालु सकारात्मक ऊर्जा लेकर लौटता है। आयोजन में महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज, समाजसेवी श्याम भोजवानी,रामप्रसाद राजपूत, माधव भारद्वाज,पंकज भाई,कृष्ण कुमार पचौरी, अमित कपूर, अजय सिसोदिया, गोपाल शुक्ला, रामनिवास गुप्ता, अमित, मनोज गुप्ता, टीकम सिंह, रंजीत सिसोदिया, संजय कोहली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

### आलू उत्पादक किसानों को मिलेगा आर्थिक सहयोग

आगरा। जिला उद्यान अधिकारीद्वारा अवगत कराया गया है कि आलू उत्पादक किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा आलू विकास की भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना तथा निजी शीतगृहों में भंडारित आलू के प्रभाव पर अनुदान की योजना संचालित की जा रही है। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों का विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है।

पंजीकरण के समय किसान को अपना मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा खसरा एवं खतौनी का विवरण दर्ज करना होगा। भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के अंतर्गत भाव गिरने की स्थिति में पात्र किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। एक किसान को अधिकतम 200 कुंतल तक का लाभ मिल सकेगा।

इसी प्रकार निजी शीतगृहों में भंडारित आलू पर भंडारण प्रभार में छूट की योजना लागू की गई है। योजनान्तर्गत अधिकतम अनुमन्य क्षेत्रफल 02 हेक्टेयर है। आलू के भंडारण प्रभार पर ?100 प्रति कुंतल की दर से अनुदान देय होगा तथा अधिकतम 200 कुंतल की मात्रा पर अधिकतम ?20,000 तक का अनुदान प्राप्त किया जा सकेगा।जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के आलू उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें, जिससे निजी शीतगृह में भंडारित आलू के भाड़े पर छूट, भाव स्थिरता योजना का लाभ तथा विभागीय आलू बीज पर देय अनुदान का लाभ प्राप्त किया जा सके।

# डॉ. राहुल राज की कांग्रेस में एंट्री

## पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर के शिक्षाविद्, पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद आगरा में उनके स्वागत समारोह और पहली प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आवास विकास कॉलोनी, सेक्टर-14, सिकंदरा स्थित राज रॉयल गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में शहर और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ ने गत 24 अगस्त को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश कार्यालय में औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। आगरा पहुंचने के बाद आयोजित उनके पहले सार्वजनिक कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम



के मार्गदर्शन के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की युवाओं, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सोच से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ाने, शिक्षा को मजबूत बनाने, रोजगार के अवसरों को लेकर आवाज उठाने तथा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने की कांग्रेस की विचारधारा से वे प्रभावित हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने पार्टी के माध्यम से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है। डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ के आगरा आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित सिंह और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिक्षाविद् और समाजसेवी के रूप में डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ की पहचान का लाभ संगठन को मिलेगा। उनके पार्टी में आने से विशेष रूप से युवाओं, शिक्षकों, स्नातकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के बीच कांग्रेस की पहुंच मजबूत होने की उम्मीद है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी से जोड़ने की आवश्यकता है।

विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के रूप में चर्चा में रहे डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ के कांग्रेस में शामिल होने के बाद राजनीतिक हलकों में भी नई चर्चा शुरू हो गई है। डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं की समस्याएं और जनहित के सवाल उनकी प्राथमिकताओं में रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी स्नातक रणवीर शर्मा, महेंद्र रावत, विनोद बंसल, सुमित विभव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सिंह, रॉकी, सचिन यादव, सतीश और ताहिर सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुलश्रेष्ठ और हरेन्द्र नरवर ने

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# आगरा की बेटी, दुनिया की राजकुमारी को बधाई

महिला क्रिकेट के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे आते हैं जो केवल मैच का परिणाम तय नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा की एक नई इबारत लिख देते हैं। विमेंस एशिया कप 2026 के शुरूआती मुकाबले में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने ठीक ऐसा ही एक अद्भुत और अविस्मरणीय कीर्तिमान स्थापित किया है। संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) की धरती पर थाईलैंड के खिलाफ खेलते हुए दीप्ति ने जो करिश्माई स्पेल फेंका, उसने न केवल भारतीय टीम को 94 रनों की एकतरफा और विशाल जीत दिलाई, बल्कि विश्व क्रिकेट के इतिहास को भी हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया।यह मुकाबला दीप्ति के करियर का 150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। इस ऐतिहासिक पड़ाव को उन्होंने जिस अंदाज में मनाया, वह खेल जगत में लंबे समय तक याद रखा जाएगा। मात्र 7 गेंदों के अपने कोटे में बिना एक भी रन खर्च किए 3 विकेट (3/0) चटकाकर वह अंतरराष्ट्रीय महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बन गई हैं। उनके नाम अब 171 अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हो चुके हैं और उन्होंने थाईलैंड की थिपाचा पुत्थावोंग (170 विकेट) को पीछे छोड़कर यह वैश्विक ताज अपने सिर पर सजाया है। इसके साथ ही वह टी20 इतिहास में तीन या अधिक विकेट लेने के लिए एक भी रन न देने वाली पहली भारतीय गेंदबाज भी बन चुकी हैं।उत्तर प्रदेश के ताजनगरी आगरा की गलियों से निकलकर दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों पर अपनी फिरकी का जादू बिखेरने वाली दीप्ति शर्मा की यह यात्रा असाधारण लगन, कड़े संघर्ष और अटूट मानसिक दृढ़ता की जीवंत कहानी है। एक समय था जब महिला क्रिकेट को भारत में वह पहचान और संसाधन हासिल नहीं थे, जो आज हैं। ऐसे दौर में आगरा जैसे शहर से एक लड़की का निकलना, लड़कों के साथ अभ्यास करना और अपनी धारदार ऑफ-स्पिन व जुझारू बल्लेबाजी के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की करना किसी सपने जैसा था। परंतु दीप्ति ने कभी भी अपनी परिस्थितियों को अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया।दीप्ति शर्मा की इस सफलता का सबसे खूबसूरत पहलू उनकी निरंतरता और बहुमुखी प्रतिभा है। वह केवल एक गेंदबाज नहीं हैं, बल्कि संकट के समय भारतीय मध्यक्रम को संभालने वाली एक बेहद भरोसेमंद बल्लेबाज भी हैं। चाहे वह 2025 का महिला विश्व कप रहा हो या एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का गौरव, दीप्ति हमेशा भारतीय टीम के लिए 'तुरुप का इक्का' साबित हुई हैं। मैदान पर उनका शांत स्वभाव और दबाव की परिस्थितियों में सटीक निर्णय लेने की क्षमता उन्हें खेल के महानतम खिलाड़ियों की श्रेणी में खड़ा करती है। जब वह गेंदबाजी करने आती हैं, तो बल्लेबाज के पास रन बनाने का कोई विकल्प नहीं बचता, और जब वह बल्लेबाजी करती हैं, तो विरोधी टीम की रणनीति धरी की धरी रह जाती है। दीप्ति की यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल आंकड़ों या रिकॉर्ड्स तक सीमित नहीं है। यह जीत और यह कीर्तिमान भारत की उन करोड़ों बेटियों के हौसलों की उड़ान है, जो रूढ़ियों को तोड़कर खेल के मैदान में अपना भविष्य तलाश रही हैं। आगरा की इस 'विश्व विजेता' बेटी ने यह साबित कर दिया है कि यदि आपके इरादों में सच्चाई और मेहनत में ईमानदारी हो, तो दुनिया का कोई भी मुकाम आपसे दूर नहीं रह सकता। उन्होंने न केवल ताजनगरी का नाम रौशन किया है, बल्कि पूरे देश को गर्व से सराबोर होने का एक शानदार अवसर दिया है।दैनिक समाचार पत्र परिवार की ओर से देश की इस अनमोल रत्न, आगरा की होनहार बेटी दीप्ति शर्मा को उनके इस ऐतिहासिक दोहरे शतक (150वें मैच और विश्व रिकॉर्ड) पर कोटि-कोटि बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं! हमें पूरा विश्वास है कि एशिया कप के इस धमाकेदार आगाज के बाद दीप्ति की फिरकी का यह जादुई सफर आगे भी जारी रहेगा और वह भारतीय महिला क्रिकेट को सफलता के नए शिखरों पर ले जाएंगी। दीप्ति की यह कामयाबी आने वाली सदियों तक भारतीय खेल जगत की युवा प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। सलाम है भारत की इस शेरनी को!

# पत्रकार भी दिमागी नक्सल!

सत्ता के विरोध की आवाज को दबाना और कुचलना किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं। यह तानाशाही का प्रतीक है कि अपने शासक की हर बात को सिर झुका कर सुना जाए, उस पर सवाल न उठाएं जाएं और सदा उसकी जय जयकार की जाए। खेद की बात है कि भारत में इस समय ऐसा ही माहौल बनता जा रहा है। हालांकि हमारा संविधान इतना मजबूत और कारगर है कि इसके उपाय किसी भी तानाशाही प्रवृत्ति को हावी नहीं होने देते, अगर ऐसे संकेत मिलते हैं तो जनता ही चेतावनी दे देती है। बावजूद इसके इस समय किसी न किसी तरीके से सत्ता विरोधियों के दमन की कोशिशें चल ही रही हैं। यह महज संयोग नहीं है कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों पर लाठियां और पैलेट गन चलाकर उन्हें संसद मार्च से रोका गया, उस दौरान बिहार में भी ऐसे ही प्रदर्शन हुए थे, जिसमें दमनकारी उपाय प्रशासन ने आजमाए और अब एक महीने बाद बिहार में फिर से अपना हक मांग रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठियां और पानी की बौछारें पड़ रही हैं। इस एक महीने के बीच में देश ने 80वां स्वतंत्रता दिवस भी मना लिया, लेकिन आजाद खयालों को कुचलने के तरीके अब भी भाजपा की तरफ से आजमाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी ने दिमागी नक्सल शब्द का इस्तेमाल किया था। जिस पर सभी को हैरानी हुई थी कि अर्बन नक्सल के बाद अब दिमागी नक्सल जैसी संज्ञा प्रधानमंत्री ने क्यों निकाली। अब उसका अभिप्राय समझ आ रहा है। भाजपा उन तमाम लोगों को दिमागी नक्सल बता रही है, जो सरकार से सवाल पूछते हैं। 20 अगस्त को भाजपा ने दिमागी नक्सल कौन है, ऐसे गीत के साथ एक वीडियो अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर डाला है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, पत्रकार राजदीप सरदेसाई, अभिनेता प्रकाश राज, यूट्यूबर ध्रुव राठी, और गायक विशाल ददलानी जैसे चेहरों को दिखाया गया है। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल तो भाजपा की विरोधी पार्टियों के नेता हैं, लेकिन बाकी चारों भाजपा से राजनैतिक मुकाबला नहीं करते हैं, बल्कि वे उसकी नीतियों की आलोचना करते हैं। देश का संविधान इसकी इजाजत देता है। राजदीप सरदेसाई को भी भाजपा ने जिस तरह दिमागी नक्सल बताया है, उससे जाहिर होता है कि स्वतंत्र मीडिया से भाजपा को कितनी परेशानी होती है।

-अनाम

# युवाओं के नेतृत्व में एक क्रांतिकारी बदलाव से गुजर रहा है भारत

डॉ. अरुण मित्रा




एक खास तौर पर सकारात्मक बात यह है कि युवा सांप्रदायिक राजनीति को नकार रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री द्वारा आलोचकों और सवाल उठाने वाले नागरिकों को 'मेंटल नक्सल' (मानसिक नक्सली) करार देने की कोशिशों ने युवाओं और छात्रों को और नाराज किया है। हालांकि, यह मुद्दा किसी खास सरकार या राजनीतिक पार्टी से कहीं ज्यादा गहरा है।

वैज्ञानिक समझ के अनुसार, समाज हमेशा बदलता रहता है, और बदलाव जरूरी है। कभी-कभी बदलाव तेजी से होता है, तो कभी हालात इसे धीमा कर देते हैं।

भारत के आजादी की लड़ाई के दौरान, 1857 का विद्रोह ब्रिटिश साम्राज्यवाद के लिए एक मजबूत और तेज चुनौती थी, जिसके साथ बहुत बड़ी कु बार्नी भी देनी पड़ी थी। हालांकि, अपनी हार के बाद, ब्रिटिश सरकार के कड़े दबाव और उससे मिली निराशा के कारण आंदोलन कमजोर पड़ गया। एक संगठित देशव्यापी आंदोलन को फिर से विकिसत होने में कई दशक लग गए।

1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना, जिसके मुख्य संस्थापक ए. ओ. ह्यूम थे और जिसमें दादाभाई नौरोजी, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, दिनशॉ वाचा, फिरोजशाह मेहता और बदरुद्दीन तैयबजी जैसे अहम भारतीय नेता थे, एक अहम घटना थी। उमेश चंदर बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। शुरूआती कांग्रेस ने राजनीतिक चेतना पैदा करने, भारतीयों को एकजुट करने, प्रशासन और विधायिका में ज्यादा प्रतिनिधित्व पक्का करने और संवैधानिक सुधारों की मांग की। धीरे-धीरे इस आन्दोलन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अंदर ही अंदर चचाएं होने लगीं। 'गरम दल और नरम दलइ के रूप में मजबूत बहसें होने लगीं। 1905 में जब अंग्रेजों ने सांप्रदायिक आधार पर बंगाल को बांट दिया, तो एक मजबूत 'बंग भंग विरोधीइ आन्दोलन हुआ। सभी धार्मिक ग्रुप के लोग अंग्रेजों की साजिशों का विरोध करने के लिए एक साथ आए। फिर जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ। इसके बाद असहयोग आन्दोलन शुरू हुआ।

यह 1921 की बात है जब ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से पूरी आजादी की मांग की। उस दौरान पूरे देश में मजदूर आन्दोलन हुए। मौलाना हसरत मोहानी ने 1921 में मशहूर क्रांतिकारी नारा 'इंकलाब जिंदाबादइ गढ़ा और अंग्रेजों से पूरी आजादी (आजादी-ए-कामिल) की मांग की।

आजादी की लड़ाई को बाद में क्रांतिकारी आंदोलन, गदर आंदोलन, कम्युनिस्ट आंदोलन, मजदूरों और किसानों के संघर्ष, महिलाओं की भागीदारी और कई दूसरे लोकप्रिय आंदोलनों से ताकत मिली। हालांकि, समय के साथ कांग्रेस की राजनीति बदली, और 1929 के लाहौर सेशन में, पूर्ण स्वराज इसका औपचारिक लक्ष्य बन गया। आजादी के बाद भी, लोगों के अधिकारों के लिए आंदोलन जारी रहे, जिसमें छात्रों और युवाओं ने अहम भूमिका निभाई, खासकर 1980 के दशक तक।

हालांकि, 1980 के दशक के बाद, छात्र आंदोलन काफी कमजोर हो गए। उसी समय, भारत की आर्थिक नीतियों में बड़े बदलाव हुए। दशक के आखिर तक, निजी पूंजी और कॉर्पोरेट के पक्ष में नीतियां जोर पकड़ रही थीं। पी. वी. नरसिम्हा राव और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों के तहत इन नीतियों को मजबूत किया गया और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में और तेजी आई।

भारतीय अर्थव्यवस्था कई मामलों में बेहतर हुई, लेकिन आर्थिक विकास का फायदा बहुत असमान रूप से बंटा हुआ था। दौलत तेजी से एक जगह इक्ा होती गई, जबकि समाज का बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर बना रहा। पढ़ाई-लिखाई लगातार महंगी होती गई, उच्च शिक्षा तक पहुंचना मुश्किल होता गया, और नौजवानों के लिए नौकरी के मौके लगातार पक्के नहीं रहे।

नरेंद्र मोदी और भाजपा के सत्ता में आने के बाद, ये रूझान और तेज हो गए। रुपये और अन्य संसाधन तेजी से कुछ कॉर्पोरेट ग्रुप के हाथों में जमा होते गए। यूपीए के शासन के समय में, भारत की समस्याओं की मुख्य वजह भ्रष्टाचार को बताया गया, जबकि नरेंद्र मोदी को एक मजबूत नेता के तौर पर दिखाया गया जो देश को तेजी से बदल देगा। 2014 के बाद, आर्थिक मुश्किलों, बेरोजगारी और दूसरी नाकामियों के लिए अक्सर पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराया गया, जबकि यह भावना भरी जाने लगी कि भारत को अपनी 'असली आजादीइ 2014 के बाद ही मिली। साथ ही, साम्प्रदायिक बातों ने बेरोजगारी, महंगाई और यहां तक कि सामाजिक समस्याओं को भी मुसलमानों से जोड़ दिया। इससे नफरत और हिंसा का माहौल बना और भारत का सामाजिक ताना-बाना कमजोर हुआ।

लेकिन ऐसी बातें हमेशा नहीं चल सकतीं। छात्र और नौजवान, जो दशकों से काफी हद तक सुस्त रहे थे, अब अपनी असली समस्याओं – बेरोजगारी, महंगी शिक्षा, गैर-बराबरी, मौकों की कमी और लोकतांत्रिक आजादी पर पाबंदियों – को पहचानने लगे हैं।

हाल के छात्र और नौजवानों के विरोध प्रदर्शन इस बदलती सोच की ओर इशारा करते हैं। युवाओं के बारे में अपमानजनक बातों, किसानों की मांगों को संभालने के तरीके और असहमति को दबाने के कथित तरीके को लेकर गुस्सा बढ़ गया है। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) और कुछ दूसरे संगठन इन मुद्दों को उठाते रहे।

यही एक कारण था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के युवाओं को कथित तौर पर 'कॉकरोचइ कहने का बड़े पैमाने पर विरोध हुआ और कॉकरोच संगठन बनाया गया। इसके बाद जंतर-मंतर पर प्रदर्शन हुआ। सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने और उसके बाद प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई ने युवाओं के बीच इस भावना को और मजबूत किया कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का उनका अधिकार खतरे में है।

अधिकारियों के रवैये, जिसमें जरूरत से ज्यादा बल का प्रयोग और प्रदर्शनकारियों को बदनाम करने की कोशिशें शामिल हैं, ने लोकतंत्र की स्थिति को लेकर जनता की चिंता को और बढ़ा दिया है। पीछे हटने के बजाय, छात्र और युवा एकजुट होते रहे हैं। उनकी बढ़ती भागीदारी से संकेत मिलता है कि जन-जागरूकता का एक नया दौर शुरू हो सकता है। एक खास तौर पर सकारात्मक बात यह है कि युवा सांप्रदायिक राजनीति को नकार रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री द्वारा आलोचकों और सवाल उठाने वाले नागरिकों को 'मेंटल नक्सलइ (मानसिक नक्सली) करार देने की कोशिशों ने युवाओं और छात्रों को और नाराज किया है।

हालांकि, यह मुद्दा किसी खास सरकार या राजनीतिक पार्टी से कहीं ज्यादा गहरा है। पूंजीवाद अकेले गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय या अवसरों की असमानता को हल नहीं कर सकता। शोषणकारी व्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से लोगों की एकता को कमजोर करने के लिए धर्म, क्षेत्र, जाति, जनजाति, भाषा और अन्य पहचानों के आधार पर बंटवारे का इस्तेमाल किया है। 'फूट डालो और राज करोइ की औपनिवेशिक नीति सिर्फ ब्रिटिश शासन तक ही सीमित नहीं थी। शासक और शोषणकारी वर्गों ने अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए बार-बार सामाजिक बंटवारे का इस्तेमाल किया है।

मजदूरों और अन्य शोषित वर्गों की धार्मिक, क्षेत्रीय, जातीय या सांस्कृतिक पहचान अलग-अलग हो सकती है, लेकिन वे एक ही तरह के आर्थिक शोषण का सामना करते हैं। उनकी पहचान का सम्मान और उनकी सुरक्षा होनी चाहिए, लेकिन ये पहचान एकजुटता में बाधा नहीं बननी चाहिए। सार्वजनिक नीति

इसलिए भारत एक महत्वपूर्ण बदलाव का गवाह बन रहा है। छात्र और युवा आंदोलनों का फिर से उभरना, सांप्रदायिक आख्यान पर सवाल उठाना और लोकतांत्रिक अधिकारों की बढ़ती मांग बदलती सामाजिक चेतना के संकेत हैं।

आज जरूरत इस बात की है कि लोकतांत्रिक और प्रगतिशील आंदोलनों को मजबूत किया जाए और मजदूरों, किसानों, छात्रों, युवाओं और सभी शोषित वर्गों को उनके साझा हितों के लिए एकजुट किया जाए। जाति, धर्म, क्षेत्र और समुदाय से परे एकता पर आधारित एक मजबूत मजदूर-वर्ग आंदोलन की आज पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है।

# संस्कृत का वो गीत जो नहीं बन सका राष्ट्र गान!!

बृज खंडेलवाल द्वारा

जयति जयति भारत माता!
कितना सरल, कितना मधुर और कितना भारतीय उद्घोष है।
फिर सवाल उठता है, आजादी के बाद जब देश अपनी नई पहचान तलाश रहा था, तब ऐसा सुंदर संस्कृत गीत राष्ट्रीय मंच तक क्यों नहीं पहुंच पाया?
यह गीत दक्षिण भारत के महान कर्नाटक संगीतकार मयूरम विश्वनाथ शास्त्री (1893-1958) ने रचा था। आजादी के आसपास उन्होंने भारत माता और महात्मा गांधी की प्रशंसा में संस्कृत गीतों का संग्रह भारत भजन तैयार किया था जिसमें 18 गीत थे।
जयति जयति भारत माता उन्हीं गीतों में से एक था। इसकी धुन राग खमास में है। शब्द सरल हैं और भाव बहुत व्यापक है। भारत माता सभी की माता हैं। वह किसी जाति, भाषा या क्षेत्र में भेद नहीं करतीं। वह सज्जनों की रक्षा करती हैं और गिरे हुए लोगों को भी अपनाती हैं।
यानी आज के भारत की 'एकता में अनेकता' वाली भावना इसमें खूब दिखाई देती है।
फिर यह गीत राष्ट्रीय गीत क्यों नहीं बना?
यहीं से कहानी थोड़ी दिलचस्प हो जाती है।
आजादी के बाद राष्ट्रीय पहचान के प्रतीकों को लेकर काफी विचार-विमर्श हुआ। अंततः जन गण मन को राष्ट्रगान बनाया गया और वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत का सम्मान मिला।
दोनों के पीछे लंबा स्वतंत्रता आंदोलन था। जन गण मन को देशभर में पहचान मिल चुकी थी।
वंदे मातरम् तो आजादी की लड़ाई का जोशीला नारा बन चुका था।
जयति जयति भारत माता की स्थिति अलग थी। यह अपेक्षाकृत नया गीत था। इसका प्रसार मुख्यतः दक्षिण भारत और कर्नाटक संगीत की दुनिया में था। दिल्ली की राजनीतिक गलियों में इसकी उतनी पहुंच नहीं थी।
लेकिन यहीं एक सवाल पैदा होता है।
क्या आजादी के शुरूआती वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व, नेहरू सरकार और सांस्कृतिक संस्थाओं को भारत की दूसरी भाषाई और संगीत परंपराओं को राष्ट्रीय मंच देने की ज्यादा कोशिश नहीं करनी चाहिए थी?
नेहरू और उस दौर के नेताओं के सामने एक विशाल और जटिल देश था। राष्ट्रगान चुनना कोई संगीत प्रतियोगिता नहीं थी। उसमें इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन, सामूहिक स्वीकार्यता और सरकारी समारोहों में प्रस्तुति जैसे कई सवाल जुड़े थे।
फिर भी, दक्षिण भारत से आए इस संस्कृत गीत को राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा प्रचार क्यों नहीं मिला, यह सवाल पूछने में कोई हर्ज नहीं है।
संस्कृत होने का भी सवाल है
संस्कृत भारत की प्राचीन भाषा है। वह उत्तर की भी है और दक्षिण की भी। मंदिरों, दर्शन, साहित्य और शास्त्रीय संगीत की विशाल परंपरा उससे जुड़ी है।
फिर भी आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण की राजनीति में भाषा का सवाल बेहद संवेदनशील था। हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था।
ऐसे माहौल में संस्कृत के किसी गीत को राष्ट्रीय प्रतीक बनाना शायद राजनीतिक रूप से आसान विकल्प नहीं माना गया।
लेकिन अगर ऐसा था, तो सवाल और बड़ा हो जाता है:
क्या भारत की प्राचीन भाषाई विरासत को राजनीति के डर से पीछे कर दिया गया?
इसका सीधा दोष केवल जवाहरलाल नेहरू पर डालना इतिहास को कुछ ज्यादा सरल बना देना होगा। लेकिन नेहरू और तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व से यह सवाल जरूर पूछा जा सकता है कि उन्होंने भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए कितना प्रयास किया। गीत बच गया, लेकिन इतिहास की किताब में नहीं आया।
दिलचस्प बात यह है कि जयति जयति भारत माता , मरा नहीं। दक्षिण भारत के कर्नाटक संगीत जगत ने इसे अपने दिल में बचाए रखा। महान गायक जी. एन. बालसुब्रमण्यम, जिन्हें संगीत की दुनिया में असाधारण स्थान प्राप्त था, ने इसे गाया। मदुरै मणि अय्यर और दूसरे कलाकारों ने भी इसे लोकप्रिय बनाया।
आज भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह गीत सुनाई देता है।
लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान अभी भी सीमित है।
भारत में अक्सर ऐसा होता है।
दिल्ली में जो गूंजता है, वह पूरे देश का गीत बन जाता है। जो चेन्नई, मैसूर, तंजावुर या मदुरै में गूंजता है, उसे 'क्षेत्रीय' कहकर छोड़ दिया जाता है।
शायद यही इस गीत की सबसे बड़ी विडंबना है।
भारत माता की स्तुति संस्कृत में हुई, धुन दक्षिण भारत से आई, भाव पूरे भारत का था, लेकिन राष्ट्रीय मंच ने उसे पूरी तरह अपना नहीं पाया।
आज, आजादी के इतने वर्षों बाद, इस गीत को फिर से सुनने की जरूरत है।
राष्ट्रगान बदलने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय गीत की गरिमा भी अपनी जगह है।
लेकिन भारत की सांस्कृतिक विरासत कोई सरकारी फाइल नहीं है, जिसमें केवल दो-चार नाम दर्ज हों।
भारत माता के गीत जितने ज्यादा होंगे, भारत की आवाज उतनी ही समृद्ध होगी।
और शायद आज फिर कोई पूछ सकता है:
जयति जयति भारत माता तो तब भी थीं, आज भी हैं।
फिर हमने उनकी यह आवाज इतनी देर से क्यों सुनी?
जयति जयति भारत माता
जयति जयति भारत-माता बुध-गीता।
निखिल-माता वन-निरता नत-जन-सुहिता॥
सरल अर्थः
भारत माता की जय हो, जय हो। विद्वान लोग उनका गुणगान करते हैं। वे सभी की माता हैं और प्रकृति तथा वनों से प्रेम करने वाली हैं। जो लोग उनके सामने श्रद्धा से झुकते हैं, उनका वे कल्याण करती हैं।
सकल-जीव-समता साधु-साधु-विदिता।
अखिल-लोक-पृथिता परमानन्द-समुदिता॥
सरल अर्थः
भारत माता सभी जीवों को समान मानती हैं। सज्जन उनके गुणों को जानते और पहचानते हैं। उनकी ख्याति पूरे संसार में फैली है और वे परम आनंद से भरी हुई हैं।
अगणित-गुण-शीला अति-दयाल-बाला।
प्रकटित-शुभ-जाला पतित-प्राण-लोला॥
सरल अर्थः
भारत माता अनगिनत गुणों से सम्पन्न हैं। वे अत्यंत दयालु हैं। उनके भीतर शुभ और मंगलकारी गुणों का प्रकाश है। गिरे हुए और दुखी लोगों के प्रति भी उनका हृदय करुणा से भर जाता है।
पण्डित-परिपूजिता पाप-सङ्ग-विवर्जिता।
खण्डित-खल-चेष्टिता अखण्ड-देश-वेष्टिता॥
सरल अर्थः
विद्वान लोग भारत माता की पूजा और सम्मान करते हैं। वे पाप और बुराई से दूर हैं। वे दुष्टों की बुरी कोशिशों को विफल करती हैं और पूरे अखंड भारत को अपने आँचल में समेटे हुए हैं।
गीत का मूल भाव
इस गीत की सबसे सुंदर बात यह है कि इसमें भारत माता को किसी एक धर्म, जाति या क्षेत्र की माता नहीं, बल्कि सभी की माता के रूप में देखा गया है। समानता, करुणा, प्रकृति-प्रेम, सद्गुण और अखंडता इसके प्रमुख भाव हैं।
और शायद यही बात इसे आज भी प्रासंगिक बनाती है: भारत की कल्पना केवल एक भूगोल के रूप में नहीं, बल्कि एक करुणामयी और सबको साथ लेकर चलने वाली माता के रूप में की गई है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 2 सितंबर 2026 बुधवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मिथुन कर्क वृश्चिक धनु कुंभ और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल आध्यात्मिक प्रभाव और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। गुरुवार का दिन जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु तथा ज्ञान के कारक देवगुरु बृहस्पति की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। आज के दिन पीले पुष्प चने की दाल तथा गुड़ अर्पित कर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से जीवन में असीम ज्ञान ऐश्वर्य पारिवारिक समरसता और धर्म कार्य में स्थायी सफलता प्राप्त होती है।

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में अधिक कार्यभार के कारण शारीरिक थकान महसूस हो सकती है इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। वित्तीय मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें और अनुभवी वरिष्ठ लोगों की सलाह लेकर ही नया पूंजी निवेश करें। भगवान विष्णु के मंदिर में चने की दाल भेंट करें जिससे आपके सभी आर्थिक संकट दूर होंगे।

### वृष

आज आपको अपने पुराने सहयोगियों के माध्यम से व्यवसाय में नवीन अवसर प्राप्त होंगे जिससे मन में नया उत्साह पैदा होगा। परिवार में किसी शुभ कार्य की योजना बनेगी और परस्पर प्रेम भाव और सौहार्द में अपार वृद्धि होगी। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपके अटके हुए सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

### मिथुन

आज आपकी प्रखर बुद्धि और कौशल के कारण रुके हुए प्रशासनिक कार्य गति पकड़ेंगे और कार्यस्थल पर आपकी अलग पहचान बनेगी। अचानक किसी दूर स्थान की यात्रा का योग बन रहा है जो भविष्य में आपके व्यापारिक विकास हेतु लाभप्रद सिद्ध होगी। श्री हरि विष्णु की आरती करें जिससे जीवन के सभी कष्ट और नकारात्मक शक्तियां समाप्त होंगी।




### कर्क

आज आपका आर्थिक पक्ष अत्यधिक मजबूत रहेगा और संचित धन में वृद्धि होने से मानसिक संतोष और प्रसन्नता मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी एकाग्रता के बल पर बहुत सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। किसी निर्धन बालक को पाठ्य सामग्री का दान करें जिससे आपके यश और कीर्ति का विस्तार होगा।

### सिंह

आज आपको कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर काम करने की आवश्यकता है जिससे अनावश्यक विवादों से बचाव संभव होगा। लेन देन से जुड़े मामलों में पूरी सावधानी बरतें और किसी पर भी अंधा भरोसा करने से बचें। केले के वृक्ष में जल अर्पित करें जिससे आपके जीवन में सुख और समृद्धि बनी रहेगी।

### कन्या

आज व्यापारिक गतिविधियों में अप्रत्याशित लाभ होने की संभावना बन रही है जिससे आपकी पुरानी योजनाएं सफलता पूर्वक क्रियान्वित होंगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का आप पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। गुरु मंत्र का जाप करें जिससे आपकी निर्णय क्षमता और विवेक में वृद्धि होगी।

### तुला

आज कला रचनात्मकता और बौद्धिक कार्यों से जुड़े जातकों को समाज में विशिष्ट स्थान और सम्मान की प्राप्ति होगी। पुराने समय से चला आ रहा कोई पारिवारिक विवाद आज आपसी बातचीत के माध्यम से सुलझ जाएगा। किसी धार्मिक स्थल पर पीली वस्तु का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

### वृश्चिक

आज आपका पराक्रम और कार्य कुशलता चरम पर रहेगी जिससे आप कठिन चुनौतियों का सामना भी बहुत सरलता से कर लेंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नए पद की प्राप्ति की शुभ सूचना मिल सकती है जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। विष्णु सहस्त्रनाम का वाचन करें जिससे आपके सभी शत्रु स्वतः शांत हो जाएंगे।

### धनु

आज आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आपको आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में साझेदारी के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं जो आगे चलकर अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। मंदिर में केसर का दान करें जिससे आपकी यश प्रतिष्ठा और संपत्ति में निरंतर वृद्धि होगी।

### मकर

आज स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है और बाहर के भोजन से परहेज करना आपके हित में रहेगा। व्यापार में अपनी योजनाओं को गुप्त रखें और सोच समझकर ही कोई नया वित्तीय अनुबंध करें। भगवान श्री हरि को पीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी सभी बाधाएं समाप्त होंगी।

### कुंभ

आज दांपत्य जीवन में अपार मधुरता रहेगी और जीवनसाथी की सलाह से किया गया कार्य आपको भारी सफलता दिलाएगा। व्यावसायिक संपर्क सूत्रों का विस्तार होगा और लंबे समय से रुका हुआ धन आज वापस प्राप्त हो सकता है। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी मानसिक चिंताएं और भय दूर होंगे।

### मीन

आज कार्यस्थल पर आपका वर्चस्व बना रहेगा और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करेंगे। अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में जुड़े लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने के योग निर्मित हो रहे हैं। हल्दी की गांठ अपने पास रखें जिससे आपके घर परिवार में खुशहाली और संपन्नता बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

गुरुवार के दिन भवन के ईशान कोण अथवा पूर्व दिशा को पूर्णतः स्वच्छ रखकर वहां पीले रंग का दीप प्रज्वलित करने तथा हल्दी से स्वास्तिक चिन्ह निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा देवगुरु बृहस्पति और लक्ष्मी नारायण की कृपा से आरोग्य सुख और अखंड लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

# 30 हजार करोड़ के मास्टर प्लान से मथुरा बन रहा वैश्विक धार्मिक केंद्र

## 1645 करोड़ से बन रहा वृंदावन बाईपास और एलिवेटेड रोड से यातायात होगा सुगम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पिछले 9 वर्षों में कान्हा की नगरी मथुरा-वृंदावन और पूरे ब्रज क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करा रही है। वर्ष 2017 में 'उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद' के गठन के बाद से मथुरा को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ?30,000 करोड़ के मास्टर प्लान के तहत सड़क, परिवहन, घाट, मंदिर गलियारे और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके हैं और कई पर तेजी से काम चल रहा है। योगी सरकार की यह विकास यात्रा आधुनिक तीर्थ नगरी की मजबूत नींव रख रही है।

**सड़कों और एलिवेटेड रूट्स का बिछा जाल**

ब्रज में पर्यटन के बढ़ते दबाव को देखते हुए योगी सरकार ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया है। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए एनएच-19 और यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले 15.4 किलोमीटर लंबे वृंदावन बाईपास को 1,645 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त मथुरा-वृंदावन के बीच आवागमन सुगम बनाने के लिए पुरानी रेल लाइन की जगह लगभग 470 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन और एलिवेटेड रोड का निर्माण तेज गति से चल रहा है। सीएम ग्रिड (ग्रीन रोड) योजना के तहत 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से श्री कृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र, गोविंद नगर और शहर के पांच प्रमुख मार्गों का सीसी रोड निर्माण, अंडरग्राउंड केबलिंग और फुटपाथ विकास का काम भी जारी है। यमुना एक्सप्रेस-वे पर राया के पास हेरिटेज सिटी विकसित करने की योजना के तहत परिक्रमा मार्गों को कमर्शियल हब से जोड़ा जा रहा है।

- विश्राम घाट से केशी घाट तक तटीय विकास, 100 से अधिक पौराणिक कुंडों और सरोवरों का हुआ ईको-रेस्टोरेशन
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, ई-बसें और मल्टीलेवल कार पार्किंग तैयार
- सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 5000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और बांके बिहारी कॉरिडोर से सुगम व सुरक्षित होंगे दर्शन

**घाटों का कायाकल्प और पौराणिक कुंडों का पुनरुद्धार**

विश्राम घाट से लेकर केशी घाट तक तटीय सुविधाओं का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया गया है। वृंदावन में 7.6 करोड़ रुपये की लागत से नए अक्रूर घाट का निर्माण हो रहा है और देवरहा बाबा घाट के पास यमुना पर केबल स्टे सस्पेंशन ब्रिज की योजना स्वीकृत है। प्राचीन घाटों की स्थापत्य कला को उभारने के लिए केशी घाट और परिक्रमा मार्ग के प्रमुख भवनों पर आधुनिक फसाड लाइटिंग लगाई गई है। साथ ही सुनरख में सौभरि ऋषि वाटर बॉडी, करहला में बज्रनाभ समाधि परिसर और ब्रज क्षेत्र के 100 से अधिक प्राचीन कुंडों का ईको- रेस्टोरेशन कर उन्हें नया जीवन दिया गया है।

**श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार**

वृंदावन के टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी) के पास 38 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनी है, जबकि गोवर्धन और बरसाना में भी बड़े पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं। वृंदावन और बरसाना में 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक टीएफसी केंद्रों का निर्माण और विस्तार किया गया है।

**मंदिरों का सौंदर्यीकरण और कॉरिडोर का निर्माण**

श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए बांके बिहारी मंदिर के आसपास भीड़ नियंत्रण हेतु भव्य कॉरिडोर निर्माण की योजना पर कार्य जारी है। गोवर्धन के 21 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग और बरसाना परिक्रमा मार्ग को चौड़ा कर वहां शेड, होल्डिंग एरिया, पेयजल और यात्री शौचालयों की सुविधा विकसित की गई है।

**'सेफ सिटी' से सुरक्षा और स्मार्ट सिटी के तहत स्वच्छता**

मथुरा- वृंदावन को 'सेफ सिटी' प्रोजेक्ट के तहत पूरी तरह से चाक-चौबंद किया गया है। सुरक्षा और निगरानी के लिए पूरे क्षेत्र में 5000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## 12 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

12 सितंबर को इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित मामलों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण की तैयारी तेज कर दी गई है आमजन को जागरूक करने के लिए न्यायालय परिसर से दो प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अब तक करीब 3 लाख मामलों को चिन्हित किया जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार 11 सितंबर तक यह संख्या बढ़कर लगभग 5 लाख तक पहुंच सकती है। लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, दीवानी मामले, बैंक ऋण, चेक बाउंस, बिजली बिल विवाद, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा और राजस्व न्यायालयों से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा अधिकारियों ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराने की अपील की है।

## श्री वामन भगवान जी की शोभायात्रा के निमंत्रण पत्र का विमोचन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सोमवार श्री वामन भगवान जी की आगामी विशाल शोभायात्रा को लेकर निमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम का आयोजन डैंपियर नगर होटल हीरा क्रिस्टल, में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता संरक्षक घनश्याम हरियाणा चेतन स्वरूप पाराशर पंडित राम गोपाल शर्मा गजेंद्र शर्मा। डॉ अशोक अग्रवाल योगेश द्विवेदी संजीव गर्ग दीपक सिंघल ने संस्थापक श्याम शर्मा डॉ जमुना शर्मा डॉ उमा शर्मा सोनू गौड़ रुचि द्विवेदी दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने बताया 23 सितंबर को निकलने वाली भव्य वामन भगवान शोभा यात्रा के मुख्य संयोजक आचार्य रमाकांत गोस्वामी कार्यक्रम संयोजक प्रमोद कसेरे स्वागत संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल एवं 27 सितंबर को होने वाले भजन संध्या एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक मनीष अग्रवाल एवं दीपक सिंघल को सह संयोजक बनाया गया है।

समिति के मुख्य संरक्षक पंडित रामगोपाल शर्मा ने कहा कि शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि भगवान वामन की शोभायात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। योगेश द्विवेदी ने कहा कि शोभायात्रा को लेकर समाज में विशेष उत्साह है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने में जुटें और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने कहा कि शोभायात्रा की तैयारियां पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ की जा रही हैं। संचालन आचार्य निर्मल ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विजय शर्मा आशीष शर्मा महामंत्री अर्जुन पंडित कोषाध्यक्ष कुलदीप शर्मा मेघ श्याम गौतम राजा ज्ञानेंद्र दीक्षित अजय शर्मा लाल दाऊ दयाल पंडा कुलदीप शास्त्री सर्वेश चतुर्वेदी के के शर्मा युगल लवानिया ललित स्वामी विनोद पांडे नरेश शर्मा बब्बू हरिओम शर्मा दुष्यंत सारस्वत कन्हैया लाल शर्मा दोमेश शर्मा अभिषेक शर्मा गोविंद हरियाणा जयप्रकाश हरियाणा देवेंद्र शर्मा सत्य प्रकाश हरियाणा हरि शंकर गोला दिनेश सागर महेश दास आदि मौजूद थे।

## जन्माष्टमी के लिए सुरक्षा परख रहे शीर्ष अधिकारी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक सुवेंद्र कुमार भगत, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया।

अधिकारियों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किए गए । कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया ।

## संस्कृत केवल भाषा नहीं, ज्ञान और तकनीक की विरासतः प्रो. विजय

### दयालबाग डीम्ड यूनिवर्सिटीमें संस्कृत महोत्सव में रोजगार से एआई तक की संभावनाओं पर मंथन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

संस्कृत को केवल प्राचीन भाषा मानकर सीमित कर देना भारतीय ज्ञान-परम्परा के व्यापक आयामों को नजरअंदाज करना है। संस्कृत में विज्ञान, दर्शन, प्रबंधन और जीवन-दृष्टि से जुड़ा विपुल ज्ञान निहित है और आधुनिक दौर में यह भाषा कौशल, रोजगार और तकनीक से भी जुड़ रही है। यह विचार आर.बी.एस. कॉलेज, आगरा के प्राचार्य एवं विख्यात शिक्षाविद् प्रो. विजय श्रीवास्तव ने दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीईआई) में संस्कृत सप्ताह महोत्सव के समापन समारोह में व्यक्त किए।



डीईआई के कला संकाय के संस्कृत विभाग की ओर से 24 से 31 अगस्त तक आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव का भव्य समापन सोमवार को कला संकाय में हुआ। इस दौरान संस्कृत गीत गायन, कथा-वाचन, चित्रकला और काव्य-कण्ठपाठ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें करीब 70-80 विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।समापन समारोह के विशिष्ट व्याख्याता प्रो. विजय श्रीवास्तव ने संस्कृत को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम मानने के बजाय ज्ञान की संरचना में निहित वैज्ञानिक और समग्र दृष्टि बताया। उन्होंने भारतीय ज्ञान-परम्परा में मौजूद वैज्ञानिक एवं दार्शनिक चिंतन का उल्लेख करते हुए आयुर्वेद, भगवद्गीता में निहित प्रबंधन के सूत्र और 108 संख्या के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक संदर्भों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे पुरुषार्थों की पूर्णता के लिए भारतीय ज्ञान-परम्परा को समझना जरूरी है और इस परम्परा की गहरी समझ की प्रमुख कुंजी संस्कृत ग्रंथों में है।प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में संस्कृत केवल पथ-प्रदर्शक भाषा नहीं रही, बल्कि रोजगार और कौशल विकास के अनेक अवसरों से भी जुड़ रही है। संस्थान के निदेशक प्रो. सी. पटवर्धन ने संस्कृत को कौशल और तकनीक आधारित ज्ञान-तंत्र के रूप में देखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान-परम्परा की संवाहिका है।

**विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र**

समारोह में कला संकाय की डीन प्रो. नीलू शर्मा और संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता मंचासीन रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूजा ने किया।

स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शोभा भारद्वाज ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में संस्कृत विभाग से डॉ. निशीथ गौड़, डॉ. रुबीना सक्सैना, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शर्मिला सक्सैना, डॉ. नमस्या, डॉ. सुमन और डॉ. सूरज तथा संगीत विभाग से डॉ. शिवेन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। संस्कृत सप्ताह महोत्सव का संयोजन संस्कृत विभाग की डॉ. पूजा और डॉ. शोभा भारद्वाज ने किया।

## मथुरा में अदम्य साहस और उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मी सम्मानित

**मथुरा।** कर्तव्य पालन के दौरान अदम्य साहस, निष्ठा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले मथुरा में तैनात तीन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र और 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार से इन्हें नवाजा गया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) आगरा, शैलेश कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों की मौजूदगी में अजय वर्मा (उपनिरीक्षक), सुरेन्द्र कुमार (उपनिरीक्षक), सोनू भाटी (मुख्य आरक्षी), पवन भाटी (मुख्य आरक्षी) को प्रशस्ति पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि ऐसे कर्मठ और साहसी पुलिसकर्मी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करते हैं।

## श्रीजगन्नाथ जी गोटा पत्ती की सुर्ख पोशाक और गुलाबी साज से सजा श्रीजगन्नाथ जी का मंदिर

- श्रीजगन्नाथ मंदिर में भक्ति भाव के साथ मनाया गया मंदिर का 16वां स्थापना दिवस, भव्य श्रंगार और संकीर्तन साथ भक्तों ने साझा किए अपने अनुभव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

16 वर्ष पहले जगन्नाथ पुरी से बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र सहित आए श्रीजगन्नाथ जी मंदिर में भव्य और भक्तिमय रूप से स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में गोटा पत्ती से सजे सुर्ख रंग के परिधानों में श्रंगारित होकर भगवान जगन्नाथ न सभी भक्तों को दर्शन दिए तो भक्त भाव विभोर हो उठा। भक्त अपने घरों से भगवान के लिए व्यंजन बनाकर लाए, जिनका छप्पन भोग लगाया गया। फूलों की सुगंध से महकते परिसर में हर तरफ श्रीजगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज भगवान को भक्तों द्वारा दो माह में तैयार की गई सुर्ख रंग की गोटा पत्ती की पोशाक से श्रंगारित किया गया। मंदिर परिसर को भी गुलाबी



साज व नीले और पीले रंग के पुष्पों व गुब्बारों से सजाया गया। वृंदावन से आए प्रभु हरविजय दास ने 16 वर्ष पूर्व मंदिर की स्थापना से लेकर अब तक के संस्मरण सुनाएं व भक्तों के साथ उनके अनुभवों को साझा किया। कहा कि जो भगवान से नाता जोड़ने के साथ भक्तों से प्रेम व आदरपूर्ण व्यवहार भी आवश्यक है। जो भक्त भगवान के साथ विश्व से प्रेम करता है वह प्रथम श्रेणी का भक्त होता है। सिर्फ भगवान की भक्ति ही नहीं दूसरे के साथ व्यवहार भी अच्छा हो, यही जीवन की सफलता है। तपस्या, पूजा पाठ, व्रत के अलावा जो लोग जीवन में सरल और कुशल व्यवहार वाले होते हैं उनके लिए भगवान को प्राप्त करना सुलभ होता है। मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने कहा कि सास्त्रों के अध्ययन और जरूतमंदों को दान के लिए हमेशा संतुष्ट रहना अच्छा है। अहंकार शून्य हो जाओ। गीता में भगवान ने कहा कि वो भक्त मेरा प्रिय है जिसने अपनी मन और बुद्धि को मुझे अर्पित कर दिया। इस अवसर पर भक्तों ने हरे राम हरे कृष्णा... का संकीर्तन भी किया। फूल बंगला व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजीव मित्तल, नितेश अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, राजेश गर्ग, संजीव बंसल, कमता प्रसाद अग्रवाल, आशु मित्तल, शैलेश बंसल, राजेश उपाध्याय, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय कुकरेजा, राजीव मल्होत्रा, अदिति गौरांगी, विपिन अग्रवाल, देव केशव आदि उपस्थित थे।

## विकासशील इंसान पार्टी का विशाल प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

लाइव टीवी डिबेट के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में मंगलवार को मथुरा में बड़ा जनाक्रोश देखने को मिला। विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने दामोदरपुरा से कलेक्ट्रेट तक एक विशाल जुलूस निकाला और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो वे दोबारा मथुरा आकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जवाब मांगेंगे और आंदोलन को पूरे प्रदेश में फैलाएंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज तभी माना जाएगा जब कानून सत्ता के समर्थकों और विरोधियों दोनों पर समान रूप से लागू हो। उन्होंने कहा, ह्लसरकारी चैनल के लाइव कार्यक्रम में यदि किसी व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और पीड़ित की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह बेहद गंभीर सवाल है। भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कानून सबके लिए समान है या नहीं।ह्व लंबा इंतजार और विरोध के बाद सीओ सिटी आईपीएस आसना चौधरी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन लिया और नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

प्रदर्शन में वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा राम बिंद, अहमदाबाद प्रदेश अध्यक्ष हरिओम वर्मा निषाद, वरिष्ठ वीआईपी नेता प्रेमचंद कश्यप, महेन्द्र निषाद, जिलाध्यक्ष हेमंत निषाद, बाबा बालदास, देवेंद्र निषाद, बलबीर निषाद, कमल किशोर निषाद, मोहन निषाद, विजय निषाद, सत्य प्रकाश निषाद, सुरेंद्र निषाद, हेमराज निषाद, नेम सिंह निषाद एवं शिव कुमार निषाद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना संभावित स्थलों पर मिलेगा अग्रिम अलर्ट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

- आगरा में सड़क सुरक्षा को नई दिशा देने के प्रयास शुरू
- 208 क्रिटिकल क्रैश लोकेशन का डेटा गूगल मैप से साझा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा आमजन को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के लिए आगरा में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को आधुनिक तकनीक का भी साथ मिला है। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की कार्ययोजना के अंतर्गत दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान, ब्लैक स्पॉट सुधार, प्रभावी प्रवर्तन, यातायात प्रबंधन तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

इसी दृष्टिगत आगरा की 208 क्रिटिकल क्रैश लोकेशन का डेटा गूगल के साथ साझा किया गया है। गूगल मैप के माध्यम से दुर्घटना संभावित स्थानों के करीब पहुंचने पर वाहन चालकों को अग्रिम चेतावनी उपलब्ध कराने की पहल की गई है। संभावित दुर्घटना स्थल से लगभग 500 मीटर पहले वाहन चालक को अलर्ट मिल सकता है। दृश्य संकेत के साथ आवाज के माध्यम से भी सावधान किया जा सकता है। इसका उद्देश्य संवेदनशील स्थान पर पहुंचने से पहले ही वाहन चालक को गति नियंत्रित करने और अतिरिक्त सावधानी बरतने का अवसर देना है।

गौरतलब है कि प्रदेश में डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देशन में सड़क हादसों एवं ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी लाने के लिए चलाए जा रहे रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन अभियान को आगरा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की कार्ययोजना से प्रभावी रूप से जोड़ा गया है। आगरा में आठ प्रमुख मार्ग चिन्हित कर वाहनों के आवागमन, गति एवं जाम की स्थिति का अध्ययन किया गया।

गूगल के माध्यम से प्राप्त यातायात डेटा का उपयोग पुलिस बल की ड्यूटी आवश्यकता के अनुरूप लगाने तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में किया गया।

आगरा में सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे समन्वित प्रयासों का प्रभाव दुर्घटना के आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन, यातायात प्रबंधन एवं दुर्घटना न्यूनीकरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए थे। जनपद में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' नीति को प्रभावी रूप से लागू करने, परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा किए गए चालानों की वसूली के लिए संयुक्त कार्ययोजना बनाने तथा 50 से अधिक लंबित चालान वाले वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए। ऐसे वाहनों के स्वामियों को नोटिस देने तथा आवश्यकतानुसार धारा 53 एवं धारा 19 के अंतर्गत कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

अब लक्ष्य केवल दुर्घटनाओं के आंकड़े कम करना नहीं, बल्कि तकनीक, डेटा और विभागीय समन्वय के माध्यम से दुर्घटना होने से पहले ही उसे रोकना है।

## जुआ खेलते 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 52 ताश के पत्ते और 27,100 रुपये बरामद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जनपद के थाना बलदेव पुलिस ने जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अभियुक्तों को रंगे हाथों पुराना बस स्टैंड, कस्बा बलदेव से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते और 27,100/- रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस टीम को सूचना मिली थी जिसके आधार पर कैलाश रोड से कस्बा बल्देव की तरफ तेल मिल के सामने सड़क किनारे बने चबूतरे पर दबिश देकर मुकेश पुत्र वासुदेव प्रसाद, आकाश पुत्र मदनलाल, दीपक पुत्र अमित कुमार, बल्देव कुमार पुत्र भगवान को दबोच लिया। पकड़े गए सभी अभियुक्तों के खिलाफ थाना बलदेव में मु0अ0सं0 303/26 धारा 3ळ ।बज (जुए की धारा) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। कुछ आरोपियों पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी कस्बा अमित कुमार राय, उ0नि0 प्रशांत माठा, उ0नि0 सज्जनपाल सिंह, उ0नि0 आलोक कुमार मिश्रा, का0 अजीत साहू, का0 मोहित सिंह और रि0का0 मनीष कुमार शामिल रहे।

# खाटूश्याम से लौट रहे मैनपुरी के 6 श्रद्धालुओं की मौत

## KMP एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से घुसी पिकअप, तीन महिलाओं समेत छह की गई जान, 14 घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, किशनी/मैनपुरी।



राजस्थान के खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर वृंदावन जा रहे मैनपुरी के श्रद्धालुओं से भरी पिकअप मंगलवार तड़के हरियाणा के पलवल जिले में डटढ एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और कई श्रद्धालु उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के किशनपुर मुरैया, मकोया और चांदा गांव के 21 लोग रक्षाबंधन के अवसर पर धार्मिक यात्रा के लिए पिकअप से राजस्थान गए थे। सोमवार शाम श्रद्धालुओं ने खाटूश्याम और बालाजी के दर्शन किए। इसके बाद वृंदावन जाने के लिए देर रात पिकअप से रवाना हुए थे।

मंगलवार तड़के पलवल जिले में डटढ एक्सप्रेस-वे पर पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने की बात सामने आई है। बताया गया कि पिकअप को लोहे के सरिए और जाल लगाकर डबल डेकर बनाया गया था, जिससे उसकी ऊंचाई भी बढ़ गई थी।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान विजय सिंह, राजकुमार, रेशमा देवी, कमला देवी, सुधा और महेश के रूप में हुई है। घायलों में सुनील, श्वेता यादव, बीरेश, उमेद, विनोद कुमार, सरला, रूबी, रामसेवक, रवि, वाणी, वीनू, तन्नू, रेखा और गोरा देवी शामिल हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक और पिकअप चालक सुधीर के मौके से फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

### जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की विशेष पहल

## फिरोजाबाद जिले के 1,824 प्राथमिक विद्यालयों में अधिकारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया सकारात्मक संदेश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।





जिलाधिकारीसंतोष कुमार शर्मा के निर्देशन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में जिले के प्राथमिक विद्यालयों में एक विशेष स्वच्छता जन-जागरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अनूठी एवं सराहनीय पहल के तहत जनपद के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक साथ फिरोजाबाद के 1,824 प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर स्वच्छता अभियान में प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने न केवल विद्यालय प्रांगण एवं कक्षाओं की साफ-सफाई में श्रमदान किया, बल्कि छोटे-छोटे बच्चों और शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर स्वच्छता का महत्त्व समझाया। अधिकारियों को अपने बीच झाड़ू लगाते और साफ-सफाई करते देख विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला।

जनपद फिरोजाबाद के 1,824 प्राथमिक विद्यालयों में एक ही दिन प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में यह अभियान संचालित किया गया।

अधिकारियों ने बच्चों को हाथ धोने की सही तकनीक, व्यक्तिगत स्वच्छता और अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लाभ बताए।

सफाई के साथ-साथ विद्यालयों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा, "स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। प्राथमिक विद्यालय हमारे समाज की नींव हैं। जब बच्चे बचपन से ही स्वच्छ वातावरण और अच्छी आदतों को अपनाएंगे, तब एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण होगा। अधिकारियों के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक संदेश और जागरूकता फैलाना है।"

इस विशेष अभियान से फिरोजाबाद जिले के प्राथमिक विद्यालयों में न केवल स्वच्छता का वातावरण निर्मित हुआ, बल्कि जन-सामान्य में भी अपने आसपास के परिवेश को साफ-सुथरा रखने की एक नई प्रेरणा जगी है।

## पूर्व प्रधान पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप

**पीड़ित ने एसपी से कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की लगाई गुहार**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



थाना दन्नाहार क्षेत्र के ग्राम नगला जते निवासी कुलदीप शाक्य पुत्र प्रमोद शाक्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के पूर्व प्रधान आशु यादव पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार 26 अगस्त को वह योगेश के जनरल स्टोर पर बैठा था। इसी दौरान पूर्व प्रधान आशु यादव वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कथित रूप से उसके साथ मारपीट की गई, जिससे गर्दन में चोट आई। आरोप है कि घटना के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

कुलदीप ने बताया कि घटना के संबंध में उसी दिन थाना दन्नाहार में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 29 अगस्त को उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।


पीड़ित ने आरोपी को दबंग किस्म का व्यक्ति बताते हुए स्वयं और अपने परिवार की जान-माल को खतरा बताया है। उसने एसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई कराने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

## "सफलता की कहानी" संघर्ष से स्वावलंबन की ओर, हेमलता रावत बनी मिसाल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही है, जनपद के ब्लॉक टूंडला (ग्राम बसई) की निवासी हेमलता रावत की जीवन यात्रा इसका एक प्रतिष्ठ और प्रेरणादायी उदाहरण है।

उच्च शिक्षित हेमलता रावत के जीवन में वर्ष 2022 में उस समय बड़ा संकट आया, जब उनके पति मान्सिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अचानक लापता हो गए, दो मासूम बेटियों के पालन-पोषण और पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी हेमलता के कंधों पर आ गई, इन विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए मजबूती से खड़ी रही 26 जनवरी 2020 में हेमलता राजकीय



ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी और जय बजरंगबली स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनी।

समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल आर्थिक संबल मिला, बल्कि प्रशासनिक सहयोग और प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ, समूह से मात्र 20 हजार का ऋण लेकर उन्होंने 20 अक्टूबर 2021 को गांव में ही कॉस्मेटिक की एक छोटी दुकान खोली, इसके बाद उन्होंने आर0सेटी के माध्यम से ब्यूटी पार्लर का आधिकारिक कोर्स किया और अपनी दुकान का विस्तार कॉस्मेटिक और ब्यूटी पार्लर के रूप में किया।

हेमलता अपनी दुकान और समूह सखी के रूप में कार्य करते हुए आज हर महीने 15000 से 20000 रू0 तक की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं, इससे वह अपनी दोनों बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर पा रही हैं, इतना ही नहीं हेमलता ने गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उनके जीवन में बदलाव पैदा किया, उनके प्रयास से समूह की आठ महिलाओं को बैंक सखी, बी0सी0-सखी जैसी विभिन्न रोजगार परक दायक प्राप्त हुए।

अपनी सफलता का श्रेय हेमलता मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व को देती हैं, वह कहती है कि पहले सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में योजनाएं धरातल पर पहुंच रही हैं, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हम जैसी महिलाओं को घर से निकलकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

## पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ चलाया अभियान, दो सटोरिया पकड़े

**शिकोहाबाद।** सोशलमीडिया पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले लोगों की लिस्ट जारी होने तथा ऑनलाइन सट्टा चलने की बात को लेकर पोस्ट वायरल हुई थी। इस पर पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लिस्ट में मौजूद लोगों के खिलाफ अभियान चलाया । अभियान के दौरान पुलिस ने दो सट्टेबाजों को पकड़ लिया। वही अन्य एक दर्जन से अधिक लोगों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। इस वायरल हो रही पोस्ट को लेकर मंगलवार को खबर भी प्रकाशित हुई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। इधर सोशल मीडिया पर नाम आने के बाद कारोबार से जुड़े लोग अपने अपने घरों को छोड़कर फरार है। वही बताया जाता है कि पुलिस की कार्यवाही में पकड़े गए सटोरिया ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के उद्देश्य से ऑनलाइन सट्टा का कारोबार नगर में फैला दिया है, जबकि पूर्व में केंद्र खुले हुए थे जहां पर पर्ची काटी जाती थी।

## मैनपुरी में आयुष्मान योजना से इलाज के बाद महिला की मौत, पति ने डॉक्टर पर लगाए लापरवाही के आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।

भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी अशोक कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी मंजू देवी की उपचार के दौरान हुई मौत की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने पी.के. पाठक अस्पताल के चिकित्सक पर उपचार में गंभीर लापरवाही और अनियमितता के आरोप लगाए हैं।

शिकायत के अनुसार मंजू देवी को तबीयत खराब होने पर 7 अगस्त 2026 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद पेट में रसौली बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी गई। अशोक कुमार का आरोप है कि उपचार के दौरान उनसे करीब 65 हजार रुपये लिए गए। ऑपरेशन के बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई।

पीड़ित का आरोप है कि ऑपरेशन के समय जिम्मेदार चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं थे। हालत गंभीर होने पर महिला को आगरा रेफर किया गया, जहां 19 अगस्त की सुबह करीब चार बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

अशोक कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि आगरा में उपचार के दौरान महिला के पेट से बड़ी मात्रा में मलबा/गंदगी निकली और वहां चिकित्सकों ने पूर्व उपचार में गंभीर समस्या होने की बात कही। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि के लिए मेडिकल जांच आवश्यक है।

पीड़ित के मुताबिक परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इलाज का खर्च जुटाने के लिए उसे करीब एक बीघा जमीन लगभग पांच लाख रुपये में बेचनी पड़ी। पत्नी की मौत के बाद दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी भी उसके सामने है।

उन्होंने डीएम से निष्पक्ष मेडिकल जांच, उपचार से जुड़े रिकॉर्ड, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ऑपरेशन और डिस्चार्ज दस्तावेजों की जांच कराने तथा लापरवाही प्रमाणित होने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और उचित क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। उन्होंने इलाज आयुष्मान योजना के तहत होने का भी उल्लेख किया है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि उपचार में वास्तव में चिकित्सकीय लापरवाही हुई थी या नहीं।

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का विरोध मार्च



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

जननायक राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने एफआईआर वापस लेने तथा संविधान का अपमान करने के आरोपित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव एवं शहर अध्यक्ष शफात खान राजू ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक रैली को संबोधित किया था। उनके जाने के बाद भाजपा के सहयोगी लोगों द्वारा मंच का कथित रूप से शुद्धिकरण किए जाने को कांग्रेस नेताओं ने संविधान का अपमान बताया।

उन्होंने कहा कि जननायक राहुल गांधी ने इस मामले में असंवैधानिक कृत्य करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग पर कार्रवाई करने के बजाय उत्तराखंड सरकार द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए विरोध जताया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाए तथा मंच शुद्धिकरण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मांग पूरी नहीं होने पर कांग्रेस द्वारा आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी गई। विरोध मार्च में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्म सिंह यादव एडवोकेट, पूर्व प्रदेश सचिव प्रकाश निधि गर्ग, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र तिवारी, हाजी नसीर अहमद, शैलेंद्र शुक्ला, जहीर खाकसार, संदीप कुमार ओझा, मोहित राठौर, उमर फारूक, शांति दास शंखवार, अजय यादव, अनिल यादव, धर्मेंद्र यादव, अमन द्विवेदी, लाला रायन गांधी, अरशद कुरैशी, संजय यादव, सुरेंद्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, आजम वारसी, संजय रावत, डॉ. आसिम खान, विराट दिवाकर, वकार खालिद, चांद कुरैशी, दिलीप कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, भगवान दास, बृजेश कुमार, मोसिन खान एवं संजू शंखवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## माटी का सोना: 74 वर्षीय किसान वीरेंद्र सिंह ने बाजरे की खेती में रचा सफलता का इतिहास

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

टूंडला क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव के 74 वर्षीय किसान वीरेंद्र सिंह की सफलता यह साबित करती है कि उम्र खेती में सफलता की राह में बाधा नहीं, बल्कि अनुभव और आधुनिक तकनीक का संगम हो तो खेत भी सोना उगल सकते हैं। बाजरे की आधुनिक खेती में उत्कृष्ट उत्पादन कर उन्होंने राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

कभी पारंपरिक खेती और लगातार बढ़ती लागत के बीच सीमित पैदावार करने वाले वीरेंद्र सिंह ने समय के साथ खेती के तौर-तरीकों में बदलाव किया। उन्होंने राज्य सरकार की 'आत्मा योजना' और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया। बाजरे की खेती के लिए उन्हें बीज, खाद एवं खरपतवार नाशक दवाओं पर उचित अनुदान का लाभ मिला, जिससे खेती की लागत को नियंत्रित करने में मदद मिली।

**देश के प्रमुख कृषि संस्थानों का किया भ्रमण**

कृषि क्षेत्र में नई तकनीक सीखने के लिए राज्य सरकार की पहल पर वीरेंद्र सिंह को तेलंगाना, उदयपुर, अजमेर, पंतनगर तथा दिल्ली स्थित आईसीएआर-पूसा जैसे प्रमुख कृषि अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण कराया गया। वहां उन्होंने उन्नत बीज, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और आधुनिक तकनीकों की जानकारी हासिल की और उसे अपने खेतों में प्रयोग किया।

वैज्ञानिक विधियों, उन्नत तकनीक और निरंतर मेहनत का परिणाम रहा कि उन्होंने बाजरे के उत्कृष्ट उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार हासिल किया।

## स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का निरीक्षण, डीएम ने दिए प्रभावी निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।



जनपद में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने सिरसागंज तहसील के ग्राम रामकबीरपुर स्थित मैसर्स मेकम्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का स्थलीय निरीक्षण किया।

मैसर्स मेकम्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट की विभिन्न इकाइयों, उत्पाद श्रृंखला एवं प्रोसेसिंग गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संस्थान के प्रबंध तंत्र को निर्देश दिए कि ऐसी प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे फिरोजाबाद के स्थानीय किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से स्थानीय कृषकों को उनकी उपज का बेहतर एवं लाभकारी मूल्य हर हाल में मिलना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि संस्थान द्वारा हल्दी एक्सट्रैक्ट, अश्वगंधा रूट पाउडर, पोस्बेलिया सिराटा आदि औषधीय घटकों के निर्माण के लिए कच्चा माल सीधे किसानों से खरीदा जा रहा है। जिलाधिकारी ने क्रय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक किसान इससे जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

संस्थान के प्रबंध तंत्र ने बताया कि प्लांट में कार्यरत जनशक्ति में करीब 95 प्रतिशत कर्मचारी अकेले फिरोजाबाद जनपद के हैं। इस पर जिलाधिकारी ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही। उन्हें यह भी बताया गया कि यहां निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे जनपद में विदेशी मुद्रा का आगमन हो रहा है।

बताया गया कि यह इकाई उत्तर प्रदेश फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज पॉलिसी-2023 के अनुरूप संचालित हो रही है और प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के राज्य सरकार के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने संस्थान के निदेशक आकाश अग्रवाल एवं मैनेजर अंकित श्रीवास्तव को कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ औषधीय एवं व्यावसायिक फसलों की खेती के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जाए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके।

इसके बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जीआरएस बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां टिशू कल्चर विधि से केले के पौधों तथा आलू के बीज आदि तैयार किए जा रहे थे। जिलाधिकारी ने संस्थान की कार्यप्रणाली की सराहना की तथा संस्थान की संचालिका हेमा सिंह को बेहतर संचालन एवं नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी एवं संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पालीवाल कॉलेज में छात्र छात्राओं को एड्स रोग को लेकर किया जागरूक

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति उत्तर प्रदेश लखनऊ के अधीन जिला स्वास्थ्य सेवा समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने बताया कि एड्स एक प्रकार की वायरस जनित कम्युनिकेबल बीमारी है। भारत में एड्स का पहला मामला 1986 में चेन्नई, तमिलनाडु में मिला था। इसी के बाद देश में एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए संगठित राष्ट्रीय प्रयास शुरू हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को एच.आई.वी के प्रति वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करना था। इस कार्यशाला में डॉ शिशुपाल तिवारी ने एड्स संक्रमण के कारण, संक्रमण के प्रमुख मार्ग, बचाव के उपाय, जांच एवं उपचार संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के साथ सामान्य सामाजिक संपर्क, गले मिलने, हाथ मिलाने, साथ बैठने अथवा भोजन साझा करने से एड्स नहीं फैलता। सावधनी ही बचाव है। छात्र छात्राओं ने एड्स जागरूकता का संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# सवर्ण समाज का प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़ पहुंचे कलेक्ट्रेट

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- सवर्ण समाज, हरघर किसान यूनियन और करणी सेना का संयुक्त प्रदर्शन
- एडीएम को सौंपा ज्ञापन, सवर्ण आयोग के तत्काल गठन की मांग

कासगंज में मंगलवार को सवर्ण समाज, हरघर किसान यूनियन और करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बारह पत्थर मैदान से शुरू हुआ यह प्रदर्शन कलेक्ट्रेट पहुंचते-पहुंचते उग्र हो गया, जहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई। कार्यकर्ता सुरक्षा बैरिकेडिंग बारह पत्थर मैदान से तोड़ते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम को ज्ञापन सौंपकर सवर्ण आयोग के तत्काल गठन की मांग उठाई।

बारह पत्थर मैदान पर पुलिस से तीखी बहस, बैरिकेडिंग तोड़ कलेक्ट्रेट में घुसे कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बारह पत्थर मैदान पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शासन-प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को रोकने और समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ता नहीं माने। प्रशासन के साथ तीखी कहासुनी के बाद कार्यकर्ताओं ने



नारेबाजी करते हुए पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी और शोर-शराबा करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर की ओर बढ़ गए। परिसर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने अपर जिलाधिकारी को भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

### सवर्ण आयोग के गठन और आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की प्रमुख मांग

ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण समाज ने राष्ट्रीय स्तर पर एक अधिकार-संपन्न सवर्ण आयोग के गठन की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि देश में एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों की तरह सामान्य वर्ग के आर्थिक, शैक्षणिक और रोजगार संबंधी हितों की रक्षा के लिए भी एक समर्पित आयोग आवश्यक है। इसके साथ ही, आरक्षण व्यवस्था की समयबद्ध समीक्षा करने और किसी भी वर्ग के अधिकारों को छीने बिना योग्यता व आर्थिक स्थिति के आधार पर प्राथमिकता देने की बात कही गई। ज्ञापन में यूजीसी की नीतियों में सवर्ण समाज के प्रतिनिधित्व और एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए उसमें आवश्यक सुधार की मांग भी शामिल है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद रहे

इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक तिवारी, राम सिंह, राजू, अशोक कुमार, युधिष्ठिर चौहान, विक्रम सिसोदिया, अंकित सक्सेना, प्रतीक, पवन कुमार, रंजीत, अखिलेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, दुष्यंत चौहान सहित भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## विधायक हरिओम वर्मा ने सुनी समस्याएं

टीएनएफ कासगंज। अमांपुर कस्बा में क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यालय पर खुला जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निस्तारण का निर्देश दिया। सर्वाधिक समस्याएं पुलिस, बिजली, लोक निर्माण विभाग, तथा राजस्व, पेंशन, स्वास्थ्य के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी रही। उन्हें विधायक ने समस्या समाधान का भरोसा दिया। कहा कि विधानसभा के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। जिसके लिए हर संभव प्रयास हो रहा है। वही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।



## शनि देव मंदिर समिति की तिमाही बैठक संपन्न, नए सदस्यों का स्वागत

टीएनएफ टुडे, कासगंज। माल गोदाम रोड स्थित प्रसिद्ध शनि देव मंदिर कार्यकारिणी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को आवास विकास स्थित प्रवीण कैटर्स के रेस्टोरेंट में गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बासु जैन ने की। अध्यक्षता करते हुए बासु जैन ने बताया कि शनि देव मंदिर समिति द्वारा समाज में धार्मिक चेतना और भक्ति भाव के विस्तार के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत मंदिर परिसर में प्रत्येक माह की एकादशी तिथि को श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य कीर्तन निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इस पहल से श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा, उत्साह और ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना प्रगाढ़ हो रही है। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार और नए सदस्यों के जुड़ाव पर विशेष बल दिया गया। बासु जैन ने समिति में शामिल हुए नए सदस्यों को पटका पहनाकर और आधिकारिक आई-कार्ड प्रदान कर उनका सहर्ष स्वागत किया। इस अवसर पर उमाशंकर सोमानी, सचिन जैन, राजेश साहू, मनीष काबरा, मनीष जैन, अमित गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, दिनेश वार्ष्णेय, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. आदित्य शर्मा, राजीव साहू, रमेश साहू, अंशुल जैन, पीयूष वर्मा, विजय सिंह चंदेल, राजकुमार साहू, उमेश साहू, हरीश, देवेश सोमानी, कबीर सिंह चौहान, ललित मोहन कुलश्रेष्ठ, नवीन सक्सेना, अमित जी एवं अखिल पुंढीर सहित समिति के तमाम गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों की तिमाही पेंशन जल्द दिलाने की मांग, ज्ञापन

**-श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल**

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

80 प्रतिशत एवं इससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों की सत्र 2026-27 की प्रथम तिमाही पेंशन की धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग को लेकर श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 80 प्रतिशत एवं इससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों की सत्र 2026-27 की प्रथम तिमाही पेंशन की धनराशि प्रेषण प्रक्रिया में तकनीकी बदलाव के कारण अभी तक उनके



खातों में हस्तांतरित नहीं हो सकी है। जबकि अन्य दिव्यांगजनों की प्रथम तिमाही पेंशन की धनराशि जुलाई 2026 में उपलब्ध कराई जा चुकी है। ज्ञापन के अनुसार जनपद कासगंज में लगभग 1700 दिव्यांगजन 80 प्रतिशत एवं इससे अधिक दिव्यांगता वाले हैं, जिन्हें प्रथम तिमाही की पेंशन धनराशि अभी प्राप्त नहीं हुई है। समिति ने कहा कि इन दिव्यांगजनों के भरण-पोषण और आजीविका के लिए पेंशन समय पर मिलना बेहद आवश्यक है। समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने अधिकारी से मांग की कि तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान कराकर 80 प्रतिशत एवं इससे अधिक दिव्यांगता वाले सभी पात्र दिव्यांगजनों की प्रथम तिमाही पेंशन की धनराशि जल्द से जल्द उनके खातों में उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि पेंशन में देरी के कारण दिव्यांगजनों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन के दौरान ज्ञानदेवी धैर्यधर धर्मपाल विष्णु राजीव कुमार सोहिल राजपाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## सुन्नगढ़ी में जुए के फड़ पर छापा, 5 जुआरी दबोचे



टीएनएफ टुडे, कासगंज। सुन्नगढ़ी थाना पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे पांच अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मौके से ताश की गड्डी और दस हजार रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर पांचों आरोपियों को जुआ खेलते हुए धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के पास से 10,100 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान किसौल निवासी अजयपाल पुत्र रामदास व उदयवीर पुत्र लालाराम तथा ग्राम किलौनी निवासी जितेन्द्र पुत्र राजवीर, जीतू पुत्र रामवीर और सतेन्द्र पुत्र सोनपाल के रूप में हुई है।

## स्टेशन के मुसाफिरखाने में मिला अज्ञात युवक का शव

टीएनएफ टुडे, कासगंज। कासगंज रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मुसाफिरखाने में मंगलवार की दोपहर टीन शेड के नीचे एक अज्ञात युवक (उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष) का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी थाने से उपनिरीक्षक मोहम्मद नाजिर, मुख्य आरक्षी जोगेंद्र सिंह और मानवेन्द्र सिंह के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्राथमिक जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक अत्यधिक शारीरिक रूप से कमजोर दिख रहा है। आसपास मौजूद वेंडरों और यात्रियों से पूछताछ करने पर सामने आया कि उक्त व्यक्ति पिछले काफी समय से बीमार हालत में स्टेशन परिसर और आसपास घूमता रहता था। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि युवक की मृत्यु किसी पुरानी बीमारी के चलते हुई है। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरा और पहचान हेतु अगले 72 घंटे के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और सोशल मीडिया के जरिए मृतक की पहचान जुटाने में लगी हुई है।

# 17 से एक माह तक चलेगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा



टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- कार्यशाला में तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप, बूथ स्तर पर तैयार होगी टीम
- विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति, 'वन बूथ-10 यूथ' पर होगा काम

भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर गहन मंथन हुआ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पूनम बजाज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा पार्टी के सेवा, समर्पण और जनसरोकार के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। पूनम बजाज ने कहा कि आगामी चुनाव के दृष्टिगत बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना बेहद जरूरी है। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार चयनित पदाधिकारी मंडल स्तर पर प्रवास कर संगठन को चुनावी मोड में लाएंगे और शक्ति केंद्रों पर पहुंचकर समितियों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण करेंगे।

अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन की प्रत्येक इकाई को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्टी के 'वन बूथझ्10 यूथ' के सूत्र को प्रभावी रूप से लागू करते हुए प्रत्येक बूथ पर युवाओं की मजबूत टीम तैयार की जाए। बूथ स्तर की कार्य समितियों को जागरूक और सक्रिय बनाना ही प्राथमिकता है।

कार्यक्रम का संचालन संजय सोलंकी ने किया। मंच पर विधायक देवेंद्र राजपूत, विधायक हरिओम वर्मा, ममतेश शाक्य, नवल कुलश्रेष्ठ, महेंद्र बघेल, आकाश दीप रानू एवं सुरेश माहेश्वरी मौजूद रहे। इस दौरान राजवीर भल्ला, अनुरोध प्रताप, रामनिवास राजपूत, विजय लक्ष्मी, प्रीती माहेश्वरी, सुनील चौधरी, प्रदीप वर्मा, शरद गुप्ता, डॉ. मनोज शर्मा, ब्रजेश उपाध्याय, आशुतोष त्रिवेदी, आदित्य काकोरिया, मनोज मधुवन, कुलदीप प्रतिहार, चेतना महाजन, मोहित तेजधारी, शुभम प्रधान, सुमित बाल्मीकि सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभु पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र कराया जाए पूर्ण

- रामलीला कमेटी एडीएम को सौंपा मांगपत्र

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

श्रीरामलीला कमेटी कासगंज के पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने अपर जिलाधिकारी से प्रभु पार्क के अधूरे पड़े सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगामी धार्मिक आयोजनों को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि प्रभु पार्क नगर का प्रमुख एवं एकमात्र सार्वजनिक पार्क है, जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में नागरिक प्रातः एवं सायंकाल भ्रमण के लिए आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पार्क परिसर स्थित धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भी पहुँचते हैं। पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य लंबे समय से अधूरा होने के कारण आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रामलीला कमेटी के संरक्षक अखिलेश अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि लगभग ?1.75 करोड़ की लागत से प्रभु पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसे लगभग एक वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि पार्क में स्थित प्राचीन तुलसी उद्यान, जो नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान था, उसे



विकास कार्य के दौरान हटाया गया, किंतु उसके स्थान पर अब तक नया उद्यान विकसित नहीं किया गया। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अधूरे पड़े कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की।

रामनवमी, दशहरा तथा श्रीरामलीला महोत्सव जैसे प्रमुख धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभु पार्क एवं तुलसी उद्यान परिसर में प्रतिवर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। त्योहार निकट होने के बावजूद पार्क का निर्माण कार्य अधूरा होना चिंता का विषय है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

सौंदर्यीकरण की मांग करने वालों में कबीर प्रताप सिंह, अमरीश वशिष्ठ,अरविंद वार्ष्णेय,अजय गुप्ता डीसीएम,अनुज जौहरी,गौरव पाल, संजय महेश्वरी, अंकिश अग्रवाल, आदि धर्मप्रेमी लोग उपस्थित रहे ।

## 33 हजार का लाइन में ब्रेक डाउन होने 10 घंटे गुल रही बिजली

टीएनएफ टुडे, कासगंज। अमांपुर विद्युत उप केन्द्र की 33 हजार की बड़ी लाइन में ब्रेक डाउन हो जाने से मंगलवार सुबह 6 बजे से कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। जो कि शाम 4 बजे बहाल हो सकी। जिस पर लोगों ने चैन की सांस ली। लगातार 10 घंटे बिजली ना आने से लोग दैनिक कार्यों के लिए तो दूर पेयजल के लिए भी तरस गए। इसके चलते कस्बा के लोगों का उमस भरी गर्मी से बेहद बुरा हाल बना रहा। विधुत आपूर्ति ठप होने से घरों और दुकानों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। जेई रामजीत रामने बताया कि 33 केवी लाइन में ब्रेक डाउन हो जाने से क्षेत्र की विधुत सप्लाई बाधित बनी हुई थी। लाइनमैनों के साथ मौके पर जाकर फॉल्ट को ठीक कराकर क्षेत्र की विधुत आपूर्ति सप्लाई शुचारू करा दी गई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक

हाथरस। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, विनय कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के तत्वाधान में दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हाथरस की सचिव, अनु चौधरी की उपस्थिति में न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक सम्पन्न हुई। अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी, लोक अदालत, प्रशान्त कुमार द्वारा उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण से लोक अदालत में निस्तारित हेतु चिन्हित वादों की समीक्षा की तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा उनमें नोटिस जारी के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे वाद जो काफी पुराने हैं, उन्हें सुलह- समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु पक्षकारों को प्रेरित करें, जिनको सुलह-समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है को चिन्हांकित करते हुये उनके निस्तारण के सम्बन्ध में भरसक प्रयास किये जायें, जिससे इस राष्ट्रीय आयोजन को सफल बनाया जा सके। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हाथरस, दीपक नाथ सरस्वती, सिविल जज(व.प्र.)/एफ.टी.सी., ईशा अग्रवाल, सिविल जज(क.प्र.), सारांश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, खुशबू चन्द्रा,सिविलजज(क.प्र.) /एफ.टी.सी.-2, अरिजीत सिंह,सिविल जज(क.प्र.)/एफ.टी.सी.-1, रोबिन कुमार, अपर सिविल जज (क.प्र.), सादाबाद, शिव कुमार यादव, सादाबाद, उपस्थित रहे।

# संगठन विस्तार के साथ सनातन संस्कृति को मजबूत करने पर जोर



टीएनएफ टुडे, कासगंज।

- अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की बैठक में एकजुटता और आत्मनिर्भरता का संदेश
- मजबूत हिंदू समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन जरूरी- विजय सिंह चंदेल

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक नदरई गेट स्थित बुलंदशहरीय ट्रांसपोर्ट पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामावतार शर्मा ने की। कार्यक्रम में ब्रज प्रांत के अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सोलंकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ गोकुल सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

बैठक में ब्रज प्रांत अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सोलंकी ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को समझना और उन्हें मजबूत करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को समाज के बीच सक्रिय रहकर लोगों को जागरूक करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। जिला अध्यक्ष विजय सिंह चंदेल ने कहा कि मजबूत हिंदू समाज का अर्थ किसी दूसरे समाज से नफरत करना नहीं है। इसका उद्देश्य अपने समाज को शिक्षित, संस्कारित, संगठित और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर डॉ. शशीलता चैहान, राजकुमार राघव, बसु जैन, वीरेंद्र सिंह, नारायण स्वरूप सक्सेना, कबीर प्रताप सिंह, नरेश गुप्ता, रविंद्र सिंह चैहान, अशोक सोलंकी, राजीव चैहान, आलोक सक्सेना, संजय पुंढीर, राहुल सोलंकी, रतन सिंह, सौरभ सोलंकी, अभिषेक पुंढीर, हिमांशु बिड़ला, मीनू सिंह, विजय मिश्रा, विजय राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक संबंधी अधिकाधिक प्रकरणों का होगा सुलह-समझौते से निस्तारण

**12 सितंबर को जिला न्यायालय से तहसील स्तर तक लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, बैंक अधिकारियों को प्रकरण चिन्हित करने के निर्देश**

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ के निदेर्शानुसार 12 सितंबर शनिवार को जिला न्यायालय से तहसील स्तर तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कराकर आमजन को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के उद्देश्य से मंगलवार को जिला



विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के विश्राम कक्ष में जिले के समस्त बैंकों के अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक संबंधी अधिकाधिक वादों एवं प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बैंकों से संबंधित ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करें, जिनमें पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह-समझौते की संभावना हो और उन्हें अधिकाधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। साथ ही संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देते हुए समझौते के लिए प्रेरित करने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि बैंक अधिकारियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक बैंक संबंधी मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को कम समय और कम खर्च में विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं बैंक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना सासनी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे 488 ग्राम (गांजा) बरामद

हाथरस। पुलिस अधीक्षक श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त को रामनगर चौराहे से ग्राम समामाई की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से नशीला पदार्थ (गांजा) सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 488 ग्राम नशीला पदार्थ(गांजा) बरामद हुआ है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त प्रहलाद पुत्र तेसिंह निवासी नगला भम्बू जाट थाना सासनी जनपद हाथरस

# एसटीडीएम इंटर कॉलेज के मुख्य गेट पर गंदगी और जलभराव

टीएनएफ टुडे, सोरों जी।

तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र के कासगंज गेट स्थित संत तुलसीदास म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के मुख्य गेट पर इन दिनों गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है। मुख्य द्वार के सामने जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलेज के मुख्य गेट के सामने जलभराव और गंदगी की समस्या कोई नई नहीं है। बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो जाती है। छात्र-छात्राओं को मजबूरी में गंदे पानी और कीचड़ से होकर विद्यालय जाना पड़ता है।

साइकिल से आने वाले बच्चों के कपड़ों पर वाहनों के गुजरने से गंदे पानी के छींटे पड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि संत तुलसीदास म्युनिसिपल इंटर कॉलेज का संचालन नगर



पालिका द्वारा किया जाता है। ऐसे में नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेना चाहिए।

लेकिन मुख्य गेट के सामने लंबे समय से बनी समस्या यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं।

समाजसेवी शरद पांडे ने कहा कि विद्यालय के मुख्य गेट पर जलभराव और गंदगी की समस्या छात्र-छात्राओं की सुविधा और स्वच्छता से जुड़ा गंभीर विषय है।

नगर पालिका को तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कराकर गंदगी की सफाई करानी चाहिए, ताकि बच्चों को परेशानी न हो।

समाजसेवी अतुल निर्भय ने कहा कि नगर पालिका द्वारा संचालित विद्यालय के मुख्य द्वार पर इस तरह की अव्यवस्था चिंता का विषय है। बच्चों को रोजाना गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि मौके का निरीक्षण कर जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान कराया जाए और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टी-20 टीम घोषित

## वैभव को मिला मौका, बुमराह का नाम सशर्त शामिल; रिंकू की अनदेखी

एजेंसी, नई दिल्ली।




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारतीय टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस टीम में सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। इस सीरीज के लिए टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी शामिल किया गया है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

**दिल्ली में होंगे मुकाबले**

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज के तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टी20 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर और तीसरा मुकाबला 17 सितंबर को होगा। यानी भारत और अफगानिस्तान के बीच पूरी टी20 सीरीज पांच दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच हालिया क्रिकेट संबंध भी लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों टीमों ने जून 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी। इसके अलावा जनवरी 2024 में दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी हुई थी। सितंबर की आगामी टी20 सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर चुके होंगे।

**चार खिलाड़ी फिटनेस पर निर्भर**

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है उसमें चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिनका खेलना तय नहीं है। इसका कारण यह है कि इन खिलाड़ियों का खेलना उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करता है। नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, बुमराह और हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन इनका खेलना तय नहीं है। बीसीसीआई ने बताया कि इन चारों खिलाड़ियों का खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

**रिंकू सिंह को नहीं मिला मौका**

बीसीसीआई ने इस सीरीज के लिए मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं दिया है। रिंकू को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी शामिल नहीं किया गया था। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर टीम में जगह दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि संजू सैमसन भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। वहीं, तिलक वर्मा उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे।


### एशियाई खेलों से पहले अहम है सीरीज

भारतीय टी20 टीम को सितंबर के अंत में एशियाई खेलों में हिस्सा लेना है। एशियाड के लिए भी भारत ने मजबूत टीम का चयन किया था। ऐसे में एशियाई खेलों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की यह सीरीज अहम मानी जा रही है। मालूम हो कि एशियाई खेलों में भारत स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम:

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी*, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर*, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह*, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा*।

# यूएस ओपन: अल्काराज जीते, वावरिंका का सफर खत्म; स्वियातेक-अनिसिमोवा और सबालेंका की भी आसान जीत



एजेंसी, न्यूयॉर्क।

न्यूयॉर्क में जारी यूएस ओपन के दूसरे दिन कई बड़े मुकाबलों ने टेनिस प्रशंसकों का ध्यान खींचा। लंबे ब्रेक के बाद एकल कोर्ट पर लौटे कार्लोस अल्काराज ने जीत के साथ शुरूआत की, जबकि तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर हार के साथ समाप्त हो गया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक, डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका और चोट से वापसी कर रहीं झेंग छिनवेन ने भी दूसरे दौर में जगह बनाई।

चार महीने के ब्रेक के बाद यूएस ओपन में वापसी कर रहे कार्लोस अल्काराज ने रोमन सफीउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में सेरेना विलियम्स के साथ शुरूआती मैच में हारने के बाद स्पेनिश स्टार ने एकल मुकाबले में अपनी लय हासिल कर ली। अल्काराज पूरे मुकाबले में नियंत्रण में नजर आए और उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर खत्म

पूर्व यूएस ओपन चैंपियन स्टेन वावरिंका को मैटेओ बेरेटिनी के खिलाफ 7-6(4), 7-6(3), 6-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ वावरिंका का ग्रैंड स्लैम करियर समाप्त हो गया। वावरिंका पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह 2026 सीजन के बाद पेशेवर टेनिस को अलविदा कह देंगे। उन्होंने 2016 में यूएस ओपन का खिताब जीता था।

### शेल्टन ने हार के बाद पलटा मुकाबला

अमेरिका के नंबर-1 बेन शेल्टन ने टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ धीमी शुरूआत की। वह पहला सेट 1-6 से हार गए, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले तीन सेट 6-1, 7-6(3), 6-2 से जीत लिए। शेल्टन ने इस तरह मुकाबला 1-6, 6-1, 7-6(3), 6-2 से अपने नाम किया और हाल ही में कनाडा में अपने खिताब का सफल बचाव करने के बाद शानदार फॉर्म जारी रखी।

### सितसिपास ने एक सेट और ब्रेक से वापसी की

स्टेफानोस सितसिपास ने दिन की बेहतरीन वापसी में 10वीं सीड आर्थर फिल्स को हराया। पहला सेट गंवाने और दूसरे सेट में ब्रेक से पिछड़ने के बावजूद ग्रीक खिलाड़ी ने मुकाबला 4-6, 7-6(3), 6-1, 6-4 से जीत लिया। सितसिपास ने 50 विनर्स लगाए और फिल्स की लगातार छह मैचों की जीत का सिलसिला रोक दिया। अब उनका सामना क्वालीफायर लॉयड हैरिस से होगा।

### ऑगर-अलियासिमे और नाकाशिमा भी आगे

तीसरी सीड फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने रिंकी हिजिकाटा को 7-5, 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। बारिश के कारण मैच करीब एक घंटे रुका, लेकिन वापसी के बाद कनाडाई खिलाड़ी ने लय हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। उनका अगला मुकाबला कैरेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने रोमन एंड्रेस बुरुचागा को 6-3, 6-0, 6-1 से हराया। ब्रैंडन नाकाशिमा ने सेबेस्टियन बाएज को सिर्फ 89 मिनट में 6-2, 6-1, 6-0 से हराया। उन्होंने मुकाबले में 34 विनर्स लगाए। अब वह एलेक्स मिशेलसन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फेडेरिको सिना को 6-4, 6-1, 6-0 से हराया। 14वीं सीड लर्नर टिएन ने नूनो बोर्गेस को 6-4, 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन में जीत दर्ज की।

### गोर्जनी ने बचाए पांच मैच पॉइंट

अमेरिका के 731वीं रैंकिंग वाले सेबेस्टियन गोर्जनी ने राफेल कॉलिग्नन के खिलाफ करीब चार घंटे चले रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। उन्होंने पांच मैच पॉइंट बचाते हुए 3-6, 6-3, 3-6, 6-3, 7-6(9) से जीत दर्ज की।

### महिला वर्ग में स्वियातेक और सबालेंका का जलवा


सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने वांग जियायू को 6-2, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। यह किसी बड़े टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में उनकी लगातार 28वीं जीत है। ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में उनकी एकमात्र हार 2019 विंबलडन में आई थी।

### डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका भी आगे

टॉप सीड और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अभियान की शुरूआत की। सबालेंका ने 32 विनर्स लगाए, हालांकि उनके खाते में 23 अनफोर्स्ड एरर्स और चार डबल फॉल्ट भी रहे। दूसरे सेट में 4-4 की स्थिति पर ओसोरियो का नौवां डबल फॉल्ट निर्णायक साबित हुआ। सबालेंका ने ब्रेक हासिल किया और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीत लिया। सबालेंका का अगला मुकाबला क्वालिफायर पोलिना



# मनोरंजन



# रोना चाहते हैं तो रो लेना चाहिए: करीना कपूर

करीना कपूर की आगामी फिल्म 'दायरा' है। इसमें वे पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। आज इसका ट्रेलर जारी हुआ है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में करीना कपूर ने पुरुषों को एक सलाह दी है। उनका कहना है कि पुरुषों और लड़कों को अपनी भावनाओं को जाहिर करना आना चाहिए।

**बोलीं- 'पुरुष भी इमोशंस को लेकर सहज रहें'**

करीना कपूर खान का मानना है कि पुरुषों को अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और अपने संवेदनशील पक्ष को लेकर सहज रहना चाहिए। उनका कहना है कि संवेदनशील होना सिर्फ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है।



फिल्म 'दायरा' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर करीना ने कहा कि भले ही अक्सर महिलाओं को ज्यादा संवेदनशील माना जाता है, लेकिन पुरुषों और लड़कों को भी अपनी भावनाएं जाहिर करने और जिंदगी की चुनौतियों का खुलकर सामना करने में सहज महसूस करना चाहिए।

**जेह-तैमूर से क्या कहती हैं करीना?**

एएनआई के मुताबिक, अभिनेत्री ने यह भी बताया कि वे अपने बेटों तैमूर और जेह को भी अपने इमोशंस को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। उनका कहना है कि जब भी उन्हें जरूरत महसूस हो, तो उनके लिए रोना पूरी तरह से ठीक है।

करीना ने कहा, 'आखिरकार, मैं दो बेटों की मां हूं और जाहिर है कि मैं डरी हुई भी रहती हूं, क्योंकि एक मां के तौर पर आप अपना बेस्ट करना चाहती हैं। आप उन्हें सुरक्षित रखना चाहती हैं और उन्हें यह भी दिखाना चाहती हैं कि वे जिम्मेदार बनें। इसलिए मैं बस उनके लिए दयालु बनने की दुआ करती रहती हूं। पुरुषों को ज्यादा दयालु होना चाहिए'।

**बेटों को देती हैं क्या सलाह?**

करीना ने आगे कहा, 'यह सोच हमेशा रहती है कि लड़कियां हमेशा बहुत सेंसिटिव होती हैं, लेकिन यह सच नहीं है। मुझे लगता है कि आज ऐसे लड़के और पुरुष हैं जिन्हें सेंसिटिव होने, किसी लड़की के सामने रोने या अपनी मां के सामने रोने से कोई डर नहीं है। मैं हमेशा अपने बेटों से कहती हूं, अगर वे रोना चाहते हैं, तो उन्हें रोना चाहिए। यह ऐसा है, जो तुम महसूस करोगे, क्योंकि उसे यह महसूस करना है और उसे जानना है'।

**कब रिलीज होगी 'दायरा'?**

करीना ने कहा कि बच्चों को अपनी भावनाओं को महसूस करने और उन्हें जाहिर करने देना उनकी ग्रोथ के लिए जरूरी है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लड़कों और पुरुषों में ज्यादा करुणा होनी चाहिए। फिल्म 'दायरा' मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म है, जिसमें करीना के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में हैं। 18 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'यह मेरी अब तक की', 'आवारापन 2' की सफलता पर इमरान हाशमी का भावुक रिएक्शन



इमरान हाशमी इन दिनों स्वाइन फ्लू से ठीक हो रहे हैं, लेकिन उनकी लेटेस्ट फिल्म 'आवारापन 2' को बॉक्स ऑफिस पर मिल रही शानदार सफलता ने उन्हें काफी खुश कर दिया है। साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारापन' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। ऐसे में उसके सीक्वल की इतनी बड़ी सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री को भी हैरान कर दिया है।

**फैंस का किया धन्यवाद**

अब इमरान हाशमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने मंगलवार को लिखा, "कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिन पर आप काम करते हैं और फिर कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनका हिस्सा होने पर आपको दिल से गर्व महसूस होता है। 'आवारापन 2' ऐसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी बेहद खास और दुर्लभ सफलता बन गई है, जो बहुत कम देखने को मिलती है।
एक ऐसी फिल्म, जिसे दो दशक पहले दर्शकों का प्यार नहीं मिला था, वह अपने सीक्वल के साथ वापस आई और बॉक्स ऑफिस पर इतिहास बदलने के लिए तैयार थी। यह एक इमोशन से भरपूर एक्शन म्यूजिकल फिल्म है, जिसे शानदार विजुअल स्केल पर बनाया गया है। फिल्म में बेहद अलग और लंबे समय तक याद रहने वाला म्यूजिक है।"

**फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा**

उन्होंने आगे लिखा, "मैं सच में मानता हूं कि इस फिल्म को दर्शकों के साथ और सिनेमाघरों में देखना सबसे बेहतर अनुभव है। इस पूरी कहानी के केंद्र में विशाल हैं, जिन्होंने 'आवारापन' की दुनिया बनाई। उनका विजन और अपने काम पर भरोसा ही इस फिल्म से जुड़े हर व्यक्ति और हर चीज को आकार देता रहा। मुझे बहुत खुशी है कि हमने साथ मिलकर यह कदम उठाया और यह सफर तय किया। इतनी शानदार स्टारकास्ट, म्यूजिक की जीनियस टीम और क्रिएटिव ब्रिलियंस वाली फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा है।"

**अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म**

इमरान ने आगे 'आवारापन 2' को अपनी अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म तक बता दिया। उन्होंने दर्शकों से फिल्म को सिनेमाघरों में देखने की अपील करते हुए कहा, "इसलिए बहुत देर होने से पहले आवारापन 2 को सिनेमाघरों में जाकर जरूर देखें। इस इमोशनल रोलर कोस्टर को महसूस करें। म्यूजिक को खुद पर हावी होने दें और फिल्म का उसी तरह जश्न मनाएं, जिस तरह इसे मनाया जाना चाहिए- बड़ी स्क्रीन, बड़ी आवाज और एक शानदार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस के साथ।"

# सोशल मीडिया पर फूटा शालिनी पांडे का गुस्सा



हाल ही में शालिनी पांडे का एक एआई जनरेटेड वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। अब अभिनेत्री ने इस मामले पर बात की है। उन्होंने कहा कि यह सब काफी परेशान करने वाला मामला है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस से खास अपील की है। जानिए पूरे मामले पर क्या बोलीं एक्ट्रेस?

**शालिनी ने पोस्ट में क्या लिखा?**

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्ट्रेस ने एक इंस्टा पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, 'मैं अपने उस फर्जी एआई डीप फेक वीडियो पर बात करना चाहती हूं जो इस समय ऑनलाइन वायरल हो रहा है। यह वीडियो पूरी तरह से मनगढ़ंत है और इसमें जो है वो मैं नहीं हूं। मैं इस तरह के दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करती हूं और मेरा मानना है कि टेक्नोलॉजी के ऐसे दुरुपयोग को कभी भी सामान्य नहीं माना जाना चाहिए।'

**फैंस के की खास अपील**

आगे अपनी पोस्ट में शालिनी पांडे ने फैंस से अपील करते हुए लिखा, "यदि आपको यह वीडियो कहीं भी दिखाई दे तो कृपया इसे साझा न करें, आगे न भेजें, डाउनलोड न करें या इस पर कोई प्रतिक्रिया न दें। इसके बजाय, कृपया इसकी तुरंत रिपोर्ट करें। मैं सभी से जिम्मेदरी और सावधानी बरतने का अनुरोध करती हूं। आग्रह करती हूं कि इसके प्रसार को रोकने में मदद करें, ना कि इसे और अधिक लोगों तक पहुंचाएं, धन्यवाद।"

**कौन हैं शालिनी पांडे?**

एक्ट्रेस शालिनी पांडे हाल ही में धनुष की फिल्म 'इडली कढ़ाई' में नजर आई थीं। जबलपुर की रहने वाली शालिनी ने तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' से अपने करियर की शुरूआत की थी। 2022 में रणवीर के साथ फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' से उन्होंने हिंदी फिल्मों में कदम रखा है। इसके अलावा वह इसी साल आई फिल्म 'राहु केतु' और सीरीज 'बैंडवाले' में भी नजर आई थीं।

# वह ऐतिहासिक थ्रो जिसने जिंदगी बदल दी




दीप्ति शर्मा बचपन में क्रिकेट खेलने नहीं, बल्कि अपने भाई सुमित शर्मा का मैच देखने आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम जाती थीं।
**किस्सा:** एक दिन जब वह मैदान के बाहर बैठी थीं, तो एक गेंद उनकी तरफ आई। महज 8-9 साल की दीप्ति ने गेंद उठाई और लगभग 50 मीटर की दूरी से सीधे स्टंप्स पर दे मारी (डायरेक्ट हिट)।

**मोड़:** उस समय वहां उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम की चयनकर्ता और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमलता काला मौजूद थीं। उन्होंने दीप्ति का यह सटीक निशाना देखा और दंग रह गईं। उन्होंने तुरंत सुमित से कहा, "मैं तेरी गारंटी तो नहीं लेती, लेकिन अगर इस लड़की को क्रिकेट खिलाओगे, तो यह एक दिन इंडिया के लिए खेलेगी।" बस यहीं से दीप्ति का आधिकारिक क्रिकेट सफर शुरू हुआ।

### भाई का त्याग: बहन के लिए छोड़ दी अपनी नौकरी

दीप्ति शर्मा के बड़े भाई सुमित खुद उत्तर प्रदेश के लिए तेज गेंदबाजी (पेसर) कर चुके थे। वह दीप्ति के पहले कोच, मेंटर और सबसे बड़े मार्गदर्शक बने। **किस्सा:** सुमित ने अपना एमबीए (MBA) पूरा किया और कैंपस प्लेसमेंट के जरिए एक अच्छी कंपनी में कॉर्पोरेट नौकरी हासिल की। लेकिन जब उन्होंने देखा कि सही मार्गदर्शन और समय न मिलने के कारण दीप्ति का अभ्यास प्रभावित हो रहा है, तो उन्होंने अपनी जमी-जमाई नौकरी से इस्तीफा दे दिया। वह दीप्ति को पूरा समय देने के लिए वापस आगरा आ गए और सुबह-शाम खुद कड़ी ट्रेनिंग देने लगे। वह घंटों मोपेड पर दीप्ति को प्रैक्टिस के लिए ले जाते थे।

### सामाजिक ताने और लड़कों के साथ अभ्यास

दीप्ति जब बचपन में आगरा के मैदानों पर खेलने जाती थीं, तो उस दौर में लड़कियों का क्रिकेट उतना लोकप्रिय नहीं था और न ही लड़कियों की अलग टीमें थीं। **किस्सा:** समाज और रिश्तेदारों के लोग अक्सर उनके पिता भगवान शर्मा (जो रेलवे में थे) को ताने मारते थे कि "लड़की है, लड़कों के खेल में इतना पैसा और समय क्यों बर्बाद कर रहे हो?" दीप्ति को शुरूआत में लड़कों के बीच अकेले अभ्यास करना पड़ता था, जिसके लिए वह कई बार लड़कों जैसी वेशभूषा (भेस) अपनाकर भी मैदान पर उतरती थीं ताकि कोई रोके नहीं। उनके पिता और भाई सुमित ने बाहरी दुनिया के सभी तानों को खुद झेला और दीप्ति तक कभी कोई आंच नहीं आने दी।

### तेज गेंदबाजी से फिरकी का सफर (गेम-चेंजर फैसला)

करियर के शुरूआती दिनों में दीप्ति शर्मा अपने भाई की तरह ही एक मध्यम गति की तेज गेंदबाज (Medium Pacer) बनना चाहती थीं। किस्सा: उनके कोच और भाई सुमित ने उनकी कलाइयों के मूवमेंट और शरीर की बुनावट को देखकर यह भांप लिया कि दीप्ति की असली ताकत स्पिन में है। उन्होंने दीप्ति को अपनी शैली बदलने और ऑफ-स्पिन (Off-spin) डालने की सलाह दी। मीडियम पेसर से स्पिनर बनने के लिए दीप्ति को अपनी पूरी तकनीक दोबारा बदलनी पड़ी, जिसके लिए उन्होंने कड़ा संघर्ष किया और यही फैसला बाद में उन्हें विश्व का नंबर-1 टी20 गेंदबाज बनाने में गेम-चेंजर साबित हुआ।